दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली ।। सोमवार 11 मार्च -2024 | वर्ष : 8 अंक : 152 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## पीएम मोदी ने 9 हजार 800 करोड़ की 15 हवाईअड्डा परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूरे भारत में महत्वाकांक्षी हवाईअड्डा परियोजनाओं की एक सीरीज का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 9 हजार 800 करोड़ रुपये से ज्यादा है। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम में पुणे, कोल्हापुर, ग्वालियर, जबलपुर, दिल्ली, लखनऊ, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आदमपुर हवाईअड्डों समेत प्रमुख स्थानों पर 12 नए टर्मिनल भवनों का उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने कडपा, हुबली और बेलगावी हवाईअड्डों पर तीन नए टर्मिनल भवनों की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने कहा कि ग्वालियर टर्मिनल केवल 16 महीनों में पूरा हो गया, जो कुशल परियोजना निष्पादन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। चुनावी रणनीति के आरोपों का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, यह पहल देश के आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को आसान और सुलभ बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि घोषित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में सरकार का रिकॉर्ड इन परियोजनाओं के चुनावी हथकंडे होने के आरोप को खारिज करता है। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने के प्रति अपने समर्पण दोहराते हुए कहा, लोग देख रहे हैं कि मोदी अलग मिट्टी से बने हैं। मैं विकसित भारत बनाने के लिए लगातार काम कर



रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हवाईअड्डा परियोजनाओं के साथ-साथ राजमार्ग, रेलवे, शिक्षा, पानी और पर्यावरण में भी निवेश किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के उद्घाटन से नागरिक उड्डयन क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। 12 नए टर्मिनल भवनों में सामूहिक रूप से सालाना 620 लाख यात्रियों को सेवा देने की क्षमता होगी, जबकि निमार्णाधीन तीन टर्मिनल पूरा होने पर प्रतिवर्ष अतिरिक्त 95 लाख यात्रियों की क्षमता जोड़ देंगे। इन टर्मिनल भवनों में अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं हैं और ये डबल इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, ऊर्जा बचत के लिए कैनोपी का प्रावधान, एलईडी लाइटिंग आदि जैसी विभिन्न सुविधाओं से भी सुसज्जित हैं। इन हवाईअड्डों के डिजाइन, उस राज्य और शहर की विरासत संरचनाओं से प्रभावित हैं स्थानीय संस्कृति और क्षेत्र की विरासत को दशार्ते हैं।

## नगर निगम आज करेगा गाजियाबाद 311 ऐप का शुभारंभ, एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

गाजियाबाद,करंट क्राइम। जनता को बेहतर सुविधाएं देने एवं जनसमस्याओं के तत्काल निवारण के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सदैव तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में नगर निगम एक भव्य आयोजन में 311 एप लॉन्च करने जा रहा है। नगर निगम की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म गाजियाबाद 311 एप की शुरूआत आज होगी, जिसके लिए लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम 4:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम शहर के गणमान्य लोगों के बीच किया जायेगा। गाजियाबाद 311 ऐप की सुविधा सभी शहरवासियों तथा गाजियाबाद नगर निगम टीम के लिए भी महत्वपूर्ण होगी।



एक ही प्लेटफार्म पर अनेक समस्याओं का समाधान शहर को मिलेगा। नगर आयुक्त ने बताया गया कि गाजियाबाद 311 ऐप की शुरूआत के लिए कार्यक्रम किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल डॉक्टर वीके सिंह उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अथिति के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तथा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल करेंगी। सांसद राज्यसभा अनिल अग्रवाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक अतुल गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा तथा समस्त क्षेत्रीय पार्षद भी उपस्थित रहेंगे। गाजियाबाद 311 ऐप को शहरवासियों के लिए सरल और सुविधाजनक तैयार किया गया है जिससे त्वरित कार्यवाही के अंतर्गत शहर की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। नगर आयुक्त न बताया कि 311 ऐप के माध्यम से लगभग 66 समस्याओं के निस्तारण पर कार्य होगा। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों को गाजियाबाद 311 की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा ऐप डाउनलोड कर शुरूआत की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए भूमि का हुआ शिलान्यास

# दो साल में बन सकता है स्टेडियम

### जनरल वीके सिंह और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया शिलान्यास

गाजियाबाद, करंट क्राइम। रविवार को राजनगर एक्सटेंशन में प्रस्तावित इंटरनेशनल स्टेडियम की भूमिका शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्रियों में स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, बीसीसीआई के अधिकारी रियासत अली, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक राकेश मिश्रा, मनोज मानकड़, भाजपा नेता अजय शर्मा ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान इस स्टेडियम के लिए शुरू हो रही कार्य योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान दावा किया जा रहा है कि लगभग दो साल में यह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार होगा। इसके लिए जो अड़चन पूर्व में आ रही थी, उसे दूर कर लिया गया है। गाजियाबाद में क्रिकेट स्टेडियम खुलने और इंटरनेशनल स्तर के मैच का आयोजन होने के लिए एक बड़ा रास्ता भी साफ हुआ बताया जा रहा है।

#### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला बतौर अतिथि उपस्थित रहे। वहीं पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, रियासत अली, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन पूर्व एमएलसी राकेश यादव, कांग्रेस नेता पवन शर्मा, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रयास राकेश मिश्रा, उमेश चौपड़ा, मनोज मानकड़, धीरेंद्र चौधरी, अजय शर्मा, अमित रंजन, निशांत चौधरी, अजीत सिसोदिया, क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े प्रमुख सदस्य मुकेश रैना, गाजियाबाद भाजपा के पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।





#### जब वीके सिंह ने कहा बीसीसीआई टैक्स नहीं देता तो राजीव शुक्ला ने दिया खुलकर जवाब



**करंट क्राइम ।** रविवार को राजनगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के उद्घाटन अवसर पर गाजियाबाद के स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह मंच पर मौजूद थे। वह स्टेडियम के बारे में जानकारी दे रहे थे, इस दौरान उन्होंने राजीव शुक्ला का नाम लेते हुए कहा कि बीसीसीआई टैक्स नहीं देती है। उसके पास बहुत ज्यादा पैसा है, उससे जल्दी से जल्दी स्टेडियम बनाना चाहिए ताकि इसका लाभ खिलाड़ियों और गाजियाबाद को मिल सके। इसके बाद जब राजीव शुक्ला मंच पर आए तो उन्होंने जनरल वीके सिंह का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा बीसीसीआई डबल टैक्स देती है। पहले बोर्ड टैक्स देता है, फिर राज्य संघ को जब पैसा जाता है तो वे टैक्स देते हैं। हम जीएसटी भरते हैं। पहले हमें टैक्स की छूट थी लेकिन अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में यशवंत सिन्हा ने ये छूट खत्म कर दी थी। अगर वापस छूट दिला दें तो हम और ज्यादा स्टेडियम बना देंगे। हमारी तो गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन जैसी संस्थाएं भी टैक्स दे रही हैं। दोनों ही नेताओं ने पहले तो मंच पर एक दूसरे का स्वागत और सम्मान में शब्द कहें पर जब मौका माइक पर आया तो दोनों ने एक दूसरे की बात का जवाब भी खुल कर दिया। कुल मिलाकर जनरल वीके सिंह और राजीव शुक्ला दोनों मंझे हुए नेता हैं। दोनों को राजनीति का लंबा अनुभव और अपनी बात बेवाकी से रखने का महारत भी हासिल है।





#### शुरू हुआ स्टेडियम तो बनेगा क्रिकेट का बड़ा हब गाजियाबाद

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अगर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम आगामी दो सालों में शुरू होता है, तो गाजियाबाद क्रिकेट का नया हब बनेगा। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में वैसे तो कई स्टेडियम हैं लेकिन गाजियाबाद में जो स्टेडियम बनाया जाना है वह बेहद आधुनिक और विशाल होगा। यहां आयोजन समिति दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए भी विचार विमर्श कर रही है। बताया जा रहा है कि इस पूरे स्टेडियम निर्माण में लगभग 450 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा और स्टेडियम को 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। बीच में इसमें जो समस्या आ रही थी, उसको दूर करने के लिए कई तरीके के प्रयास किए गए हैं।

#### इशारों ही इशारों में बता गए बीसीसीआई उपाध्यक्ष स्टेडियम अड़चन की बातें

**कहा हाईटेंशन तार और हवाई जहाज हैं सबसे बड़ी टेंशन**



करंट क्राइम । बीसीसीआई उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला कार्यक्रम में मौजूद थे, तो इस दौरान एक निजी विमान ऊपर से गुजर रहा था। राजीव शुक्ला ने मंच से साफ तौर पर कहा कि स्टेडियम बनाने के लिए तमाम प्रयास किए गए हैं। खुद गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से लेकर राजनीतिक स्तर पर भी विचार विमर्श किया गया है लेकिन वर्तमान में जो स्थिति है वहां हाईटेंशन तार जमीन का विवरण और जो स्टेडियम के ऊपर से गुजरने वाले विमान हैं वह बड़ी समस्या बन सकते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नियमों का हवाला देते हुए बताया कि स्टेडियम के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और बीसीसीआई द्वारा भी प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन अगर 39 मीटर ऊपर से विमान गुजर रहे हैं तो यह एक समस्या है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट रूप से स्टेडियम के बनाने में रूकावट या बाधा की बात नहीं कही है लेकिन इशारों इशारों में वह कई गंभीर संदेश दिए गए हैं।

## यशोदा अस्पताल की सीईओ डा. उपासना अरोड़ा उत्कृष्ट महिला उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. उपासना अरोड़ा को ह्यसोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स ने उत्कृष्ट महिला उपलब्धि पुरस्कार से नवाजा है। सोसाइटी ऑफ इंडिया ला फर्म द्वारा वर्ष 2023 में चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल और प्रबंधन के क्षेत्र में उनके द्वारा अर्जित की गई शानदार उपलब्धियां के सम्मान हेतु 'उत्कृष्ट महिला उपलब्धि पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।





डॉक्टर उपासना अरोड़ा हावर्ल्ड मेडिकल स्कूल और भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद की पूर्व छात्र है, जिनके पास उपरोक्त प्रतिष्ठित संस्थानों से कई प्रमाण पत्र है। वर्तमान में डॉक्टर उपासना अरोड़ा वाइस चेयरमैन ऑफ सी आई आई उत्तर प्रदेश 2024-2025 के पद पर भी नियुक्त है। एक उत्कृष्ट नेता के रूप में वह एन ए बी एल (परीक्षण और अंसाकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड) की एक प्रतिष्ठित सदस्य है ! साथ ही वह इंडो - यू एस चेंबर ऑफ कॉमर्स (हेल्थ केयर डिवीजन) की बोर्ड और चेयरपर्सन तथा एसोचैम एंपावरमेंट काउंसिल की सह-चेयरपर्सन एवं एसोचैम महिला मंच व फिक्की - स्वास्थ्य सेवा समिति की सदस्य भी है ! उद्योग जगत में उनके निरंतर योगदान के कारण ही उन्हें वर्ष 2022 में प्रतिष्ठित जी20 हेल्थ केयर वर्किंग ग्रुप के सदस्य के रूप में प्रतिष्ठा हासिल हुई। इसके अतिरिक्त फिक्की एफ एल ओ द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जन सेवा हेतु किए गए प्रयासों के लिए उन्हें 'उत्कृष्ट महिला' के सम्मान से सम्मानित किया गया ! साथ-साथ महिला आर्थिक मंच द्वारा भी 'उत्कृष्टता की असाधारण महिलाएं', 'स्वास्थ्य सेवा में महिला नेतृत्व पुरस्कार' के अलावा 'ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड' और 'बिजनेस आइकन अवार्ड' और 'लाइफ फ्री अचीवमेंट इन हेल्थ केयर अवार्ड' एवं 'विश्व नेतृत्व सम्मान' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## रविवार को दिल्ली में हुई कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की अरूण सिंह से मुलाकात

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नए ट्रैंड के बीच सियासत वाले चेहरे दिल्ली मे मिले। जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी को साथ लेकर राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह के निवास पर उनसे मुलाकात की। ये मुलाकात कुछ खास थी और यहां इसे स्वीट मुलाकात कहा जा सकता है क्योंकि दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी को साझा किया है। इस मुलाकात का मौजूदा घटनाक्रम में अपना सियासी महत्व माना जा रहा है। मुलाकात की पुष्टि स्वयं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से की। हालांकि उन्होंने कहा कि यह कोई विशेष मुलाकात नहीं थी और इससे अलग से मायने भी नहीं निकाले जाने चाहिए। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी और परम्परा के अनुपालन में आभार व्यक्त करने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री को मुलाकात की है।





# टीएमसी ने जारी की लिस्ट: कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को टक्कर देने के लिए पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को मैदान में उतारा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 'जन गर्जन सभा' रैली के साथ लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। इस रैली में पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की लिफ्ट भी जारी की। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है।

टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने बहरमपुर से पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को उम्मीदवार बनाया है। यूसुफ पठान कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले हैं। आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा और कृष्णा नगर लोकसभा सीट से महुआ मोइत्रा चुनाव लड़ेंगे।



तृणमूल कांग्रेस ने कूचबिहार लोकसभा सीट पर जगदीश च बसुनिया को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा पार्टी ने अलीपुरद्वार लोकसभा सीट पर प्रकाशचिक बराई, जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट पर निर्मल च रॉय, दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर गोपाल लामा, रायगंज लोकसभा सीट पर कृष्णा कल्याणी, बालुरघाट लोकसभा सीट पर बिप्लब मित्रा, मालदा उत्तर लोकसभा सीट पर प्रसून बनर्जी, मालदा दक्षिण लोकसभा सीट पर शहनाज अली राहयान, जंगीपुर लोकसभा सीट पर खलीलुर्रहमान, राणाघाट लोकसभा सीट पर मुकुटमोनी अधिकारी, बोंगाओ लोकसभा सीट पर विश्वजीत दास, बारासात लोकसभा सीट पर डॉ. काकली घोष दस्तीदार, डायमंड हार्बर लोकसभा सीट पर अभिषेक बनर्जी, जादवपुर लोकसभा सीट पर सयानी घोष, कोलकाता उत्तर लोकसभा सीट पर सुदीप बनर्जी, हावड़ा लोकसभा सीट पर प्रसून बनर्जी, उलुबेरिया लोकसभा सीट पर सजदा अहमद और हुगली लोकसभा सीट पर रचना बनर्जी को उम्मीदवार बनाया है।

घाटल लोकसभा सीट पर दीपक अधिकारी, झारग्राम लोकसभा सीट पर कालीपदा सोरेन, मेदिनीपुर लोकसभा सीट पर जून मालिया, पुरिलिया लोकसभा सीट पर शांतिराम महतो, बांकुरा लोकसभा सीट पर अरूप चक्रवर्ती, बर्धमान पश्चिम लोकसभा सीट पर डॉ. सरमिला सरकार, दुगार्पुर लोकसभा सीट पर कीर्ति आजाद, आसनसोल लोकसभा सीट पर शत्रुघ्न सिन्हा, बोलपुर लोकसभा सीट पर असित कुमार मल, बीरभूम लोकसभा सीट पर शताब्दी रॉय, बिष्णुपुर लोकसभा सीट पर सुजाता खान, आरामबाग लोकसभा सीट पर मिताली बाग, कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर माला रॉय, बराकपुर लोकसभा सीट पर पार्थ भौमिक, हुगली लोकसभा सीट पर सुपरस्टार अभिनेत्री रचना बनर्जी, बशीरहाट लोकसभा सीट पर हाजी नुरुल इस्लाम और तमलुक लोकसभा सीट पर गायक देबांग्शु भट्टाचार्जी को उम्मीदवार बनाया है।

# पंजाब में रेल पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेन सेवाएं बाधित, यात्रियों को हुई परेशानी



**चंडीगढ़।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर रेल रोको आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। प्रदर्शन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक खत्म होगा। पंजाब में किसानों ने कहा है कि वे अमृतसर, लुधियाना, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फजिल्का, संगरूर, मनसा, मोगा और बठिंडा समेत 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना देंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल किसान संगठन भारती किसान यूनियन (एकता उगराहां), बीकेयू (दकौंदा-धनेर) और क्रांतिकारी किसान यूनियन भी रेल रोको आंदोलन में भाग ले रहे हैं।

# बिहार में छह दिनों में एक करोड़ से अधिक लोगों को मिला आयुष्मान भारत कार्ड

पटना। बिहार सरकार ने दो मार्च को शुरू किए गए छह दिवसीय विशेष अभियान के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के तहत एक करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया, बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने एबी पीएमजेएवाई के तहत राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को हर साल पांच लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, छह दिनों में (सुबह 11 बजे, 8 मार्च, 2024 तक) 1,03,95497 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना राज्य सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाले सभी राशन कार्ड धारकों को हर साल पांच किलो चावल और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

वर्तमान में राज्य में लगभग 1.2 करोड़ लोग एबी पीएमजेएवाई की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे चौधरी ने कहा, अब एनएफएस अधिनियम के तहत लाभार्थी 1,03,95497 परिवारों को को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 5,99,609 आयुष्मान भारत कार्ड सीवान जिले में जारी किए गए, इसके बाद मुजफ्फरपुर (5,44018), पटना (5,00292), मधुबनी (4,72,977), दरभंगा (4,44,191), सुपौल (4,41,520), गया (4,25,092), समस्तीपुर (3,81,605), गोपालगंज (3,74,075), वैशाली (3,30,227), पश्चिम चंपारण (3,19,442), मधेपुरा (2,98,157), नालंदा (2,95,403), बांका (2,88,724), कटिहार (2,84,953), भंगलपुर (2,79,329) आदि जिलों में जारी किए गए। जिन जिलों में जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्डों की संख्या एक लाख से कम है, उनमें मुंगेर (99,984), किशनगंज (76,861), शेखपुरा (58,132) और शिवहर (47,288) शामिल हैं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार मंत्रिमंडल ने 20 फरवरी को एबी पीएमजेएवाई के तहत राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को हर साल पांत लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ देने का निर्णय लिया था। आयुष्मान भारत योजना, केंद्र सरकार की एक राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य देश में कम आय वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसे केंद्र व राज्य सरकार दोनों संयुक्त रूप से वित्त पोषित करती हैं।

# पीएम के कुशल नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली : सीएम योगी आदित्यनाथ

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, पहले आजमगढ़ के नाम पर लोग भयभीत होते थे, वहीं आजमगढ़ आज कला, शिक्षा, साहित्य और विकास के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के योग्य मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली है।



योगी ने कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध और माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज उसी आजमगढ़ में प्रधानमंत्री हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं। उन्होंने आजमगढ़ में 10 वर्ष के अंदर न केवल सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने, बल्कि विकास-आधुनिक बुनियादी ढांचे और लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी जताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ आजमगढ़, लालगंज और घोसी (तीनों लोकसभा क्षेत्र) भी जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। उन्होंने कहा कि इसने पूर्वी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का काम किया है और अब आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंच जाते हैं। योगी ने कहा प्रधानमंत्री के द्वारा आजमगढ़ हवाई अड्डे का उद्घाटन होने जा रहा है और इसके साथ ही यहां हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में इससे पहले मात्र दो हवाई अड्डे थे, आज उसी प्रदेश में नौ हवाई अड्डों का संचालन हो रहा है और पांच नये हवाई अड्डों की आज प्रधानमंत्री शुरूआत करने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि कई दशकों से मांग थी कि आजमगढ़ का अपना विश्वविद्यालय हो और महाराजा सुहेलदेव के नाम पर बने विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश नए भारत का दर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रेल और राष्ट्रीय राजमार्गों की नई सौगात भी मिल रही है और होली से पहले प्रदेशवासियों को हजारों करोड़ रुपये का उपहार मिल रहा है।

# ईडी अधिकारी पर हमला मामले में चार दिन बढ़ी शाहरूख शेख की सीबीआई हिरासत, अदालत ने सुनाया फैसला

बशीरहाट। यहां की एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और चार दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर यह आदेश जारी किया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित किये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस वक्त हमला किया गया था, जब वे शेख के संदेशखालि स्थित परिसर में छापा मारने पहुंचे थे।

शेख को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अब निलंबित कर दिया गया है। उत्तर 24 परगना जिले में बशीरहाट की अदालत के न्यायाधीश ने शेख की सीबीआई हिरासत चार दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने निर्देश दिया कि शेख को 14 मार्च को फिर से अदालत के समक्ष पेश किया जाए। शेख को कोलकाता से करीब 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया। टीएमसी के निलंबित नेता को कोलकाता में सीबीआई की हिरासत में रखा गया है।



**एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और चार दिनों के लिए बढ़ा दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित किये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गई थी।**

ईडी के अधिकारियों पर लगभग 1,000 लोगों की भीड़ ने उस वक्त हमला कर दिया था, जब वे कथित राशन वितरण घोटाला मामले में एजेंसी की जांच के सिलसिले में 5 जनवरी को संदेशखालि में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए थे। घोटाले के सिलसिले में राज्य के एक पूर्व मंत्री को गिरफ्तार किया गया है। शेख को राज्य की पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

# लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा देना संदिग्ध नजर आता है : शरद पवार





मुंबई। निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफा देने के एक दिन बाद रविवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने दावा किया कि भारत का निर्वाचन आयोग अब एक स्वायत्त संस्था नहीं है बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विस्तारित शाखा के रूप में काम करता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार की अगुवाई वाली धड़े ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गोयल का अचानक इस्तीफा देना संदिग्ध नजर आता है।

निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल का कार्यकाल पांच दिसंबर 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह सीईसी का पदभार संभालते। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया, ह्यह्यभारत के निर्वाचन आयोग का अस्तित्व है या नहीं, इसका कोई मतलब नहीं है खासतौर से तब जब उसने 10वीं अनुसूची का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए शिवसेना और राकांपा के विभाजन के मामलों में भाजपा के दबाव में आदेश दिए। उन्होंने दावा किया, ह्यह्यभारत का निर्वाचन आयोग स्वायत्त प्रहरी नहीं है, जैसा वह टीएन शेषन के दौर में हुआ करता था। बल्कि यह अब भाजपा की विस्तारित शाखा के रूप में काम करता है। वह निर्वाचन आयुक्त के पद से गोयल के इस्तीफे पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

निर्वाचन आयुक्त के तौर पर अनूप पांडेय की सेवानिवृत्ति और अब एक महीने के भीतर गोयल के इस्तीफे से तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में सीईसी राजीव कुमार अकेले रह गए हैं। राउत ने दावा किया कि भारत के निर्वाचन आयोग में भाजपा कार्यकताओं को नियुक्त किया जाएगा। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा संदिग्ध दिखायी देता है। उन्होंने एक बयान में कहा, ह्यह्यक्या उन्होंने इसलिए इस्तीफा दे दिया क्योंकि उन्हें संदेह था कि चुनाव स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जाएंगे? क्या उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठायी इसलिए उन्हें जाने के लिए कहा गया? सरकार को जवाब देना चाहिए।

# बेंगलुरु में जल संकट के बीच उपचारित जल से भरी जाएंगी सूखी झीलें



बेंगलुरु। बेंगलुरु में नगर निकाय प्राधिकारियों ने शहर में भूजल स्त्रोतों को फिर से भरने के लिए सूख चुकी झीलों में हर दिन 130 करोड़ लीटर उपचारित जल भरने का फैसला किया है। शहर में करीब 50 फीसदी बोरवेल पूरी तरह से सूख गए हैं। बेंगलुरु में जल संकट से निपटने के उद्देश्य से नगर निकाय बेंगलुरु जल आपूर्ति व सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) परीक्षण के बाद जल आपूर्ति के लिए झीलों की तलहटी के समीप एक नवीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर फिल्टर बोरवेल भी लगाएगा और जल संयंत्रों का निर्माण करेगा। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष राम प्रसाथ मनोहर ने बताया कि यह कदम भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के साथ मिलकर उठाया गया है। इससे करीब 20-30 एमएलडी और पानी मिलने की संभावना है। सिंचाई विभाग पहले ही कोटे झील के जल का शोधन कर देवनहल्ली में जल आपूर्ति कर रहा है जहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है। अधिकारी ने बताया कि योजना के मुताबिक शुरूआत में बेलंदूर, वरथूर, नयंदाहल्ली, हीरोहल्ली, अत्तूर और जक्कुर में झीलों को फिर से पानी से भरा जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु को 2,100 मेगालीटर प्रति दिन (एमएलडी) पेयजल की आवश्यकता है जिनमें से 1,450 एमएलडी पानी कावेरी नदी से आता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जुलाई तक के लिए जलाशयों में पर्याप्त पानी है। अधिकारियों ने बताया कि शहर को मार्च से मई तक 8000 मिलियन घन मीटर (टीएमसी) पानी की आवश्यकता है जबकि जलाशयों में केवल 34 टीएमसी पानी है।

उन्होंने बताया कि शहर की 650 एमएलडी की जल आपूर्ति बोरवेल के पानी से होती है। जिनमें वर्षा के अभाव, भूजल के गिरते स्तर और भूजल के दोहन के कारण 250 एमएलडी की कमी है। इस बीच, बीडब्ल्यूएसएसबी ने और जल आपूर्तिकताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पानी के टैंकर मालिकों के लिए पंजीकरण की समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है। अभी तक, 1,530 टैंकरों का पंजीकरण हुआ है। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि जल माफिया से निपटने के लिए सरकार ने पानी के निजी टैंकरों को अपने कब्जे में ले लिया है। शिवकुमार ने कहा, ह्यह्यशहर में करीब 50 फीसदी बोरवेल सूख गए हैं। हमने शहर के बाहर के स्त्रोतों से जल आपूर्ति के लिए पानी के हजारों निजी टैंकरों को अपने कब्जे में लेने का फैसला किया है। हमने मूल्य निर्धारण अधिकारियों पर छोड़ दिया है। दूध के जिन टैंकरों का इस्तेमाल नहीं किया गया है, उनका प्रयोग पानी लाने में किया जाएगा। इस बीच, विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बेंगलुरु में जल संकट से निपटने में नाकाम रहने के विरोध में सोमवार को शहर में प्रदर्शन करने की योजना बनायी है। इसके जवाब में शिवकुमार ने कहा, ह्यह्यअगर वे कोई रचनात्मक सुझाव देते हैं तो हम निश्चित तौर पर उन पर गौर करने के लिए तैयार हैं।

# राहुल-प्रियंका के चुनाव लड़ने का प्रस्ताव होगा पास! सुप्रिया श्रीनेत को लेकर चली चर्चा

लखनऊ( अमेठी और रायबरेली सीट से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रविवार को पास होने की उम्मीद है। रविवार को यूपी की सीटों पर प्रत्याशी तय करने के लिए प्रदेश इलेक्शन कमिटी (ढएउ) की बैठक होनी है। यूपी में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद यूपी से प्रत्याशी चयन के लिए शुक्रवार को ढएउ की घोषणा की गई थी। सूत्रों का दावा है कि रविवार को होने वाली बैठक में सभी 17 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की चर्चा होगी। इनमें रायबरेली और अमेठी सीटें भी शामिल हैं। सूत्रों का दावा है कि बाकी सभी सीटों पर तो प्रत्याशियों के पैनल का प्रस्ताव जाएगा, जबकि अमेठी और रायबरेली के लिए राहुल और प्रियंका के नाम जाएंगे। हालांकि, एहतियाती तौर पर इस प्रस्ताव के साथ यह भी प्रस्ताव जाएगा कि हाई कमान का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।



## अमेठी-रायबरेली पहले ही दे चुका है प्रस्ताव

ढएउ भले रविवार को प्रस्ताव भेजेगी, लेकिन अमेठी और रायबरेली की जिला इकाइयां राहुल और प्रियंका के लिए प्रस्ताव भेज चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक बीते दिनों दोनों जिलों के संगठन पदाधिकारी दिल्ली गए थे और उन्होंने पार्टी दफ्तर में जनभावना का हवाला देते हुए राहुल और प्रियंका के चुनाव लड़ने का प्रस्ताव सौंपा था। इस बीच, बाहुबली अमरमणि त्रिपाठी के बेटे और नौतनवा सीट से विधायक रहे अमनमणि त्रिपाठी ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस की सदस्यता ले ली। चर्चा है कि उन्हें कांग्रेस महराजगंज सीट से चुनाव लड़वा सकती है। इस सीट से पहले सुप्रिया श्रीनेत के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। सूत्रों की मानें तो वह चुनाव लड़ने से इन्कार कर चुकी हैं।

फरेंदा सीट से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी भी चुनाव से कतरा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस अमनमणि पर दांव लगा सकती है।

# चाचा-भतीजे को साथ रखने में छूट रहे बीजेपी के पसीने ?

पटना। इंडिया गठबंधन के शील्पकार माने जाने वाले नीतीश कुमार के साथ आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थिति बिहार में तो मजबूत हो गई है, लेकिन दूसरे सहयोगियों के साथ सामंजस बिठाना चुनौती बन चुकी है। बीजेपी चिराग पासवान और उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को खुश रखने का तरीका ढूंढ रही है। ऐसा इसलिए कि भगवा खेमा उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को भी साथ रखना चाहता है। राजद के एक नेता ने कहा, चिराग और तेजस्वी एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। हमारे पास हमेशा उनके लिए एक स्थायी प्रस्ताव रहा है। फैसला उन्हें करना है। लालू प्रसाद और राम विलास पासवान के बीच बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध थे। चिराग के अलावा भाजपा को उनके चाचा केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को भी संतुष्ट करना होगा। पारस राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (एनएलजेपी) के प्रमुख हैं और एनडीए के सहयोगी भी हैं। चिराग और पशुपति पारस दोनों ही पासवान की राजनीतिक विरासत के असली उत्तराधिकारी होने का दावा करते हैं।



एक भाजपा नेता ने कहा, 2019 के लोकसभा चुनावों में हमने एलजेपी और जेडी (यू) के सहयोगियों के साथ बिहार में 40 में से 39 सीटें जीतीं। यह एक अच्छी केमेस्ट्री है। हम इसमें खलल डालने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं, लेकिन हमारी चुनौती यह है कि पारस को कैसे और कहां समायोजित किया जाए। चिराग हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। फिलहाल पशुपति पारस वहां से सांसद हैं।"

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम शमून गाजी पुत्र आबिद चौधरी निवासी मकान नंबर 21 मोहल्ला कोट कच्ची सराय मुरादनगर जिला गाजियाबाद है, मेरे पासपोर्ट नंबर R3108273 मैं नाम SHAMOON पिता का नाम ABID CHOUDHARY है। मेरे आधार कार्ड में सही नाम SHAMOON GHAZI पिता का नाम ABID CHAUDHARY है दोनों ही नाम मेरे हैं। भविष्य में मुझे SHAMOON GHAZI पिता का नाम ABID CHAUDHARY के नाम से जाना जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कैबिनेट मंत्री बनते ही सुनील शर्मा ने चलाया सम्मान परम्परा का नया ट्रैंड

## खुद ही पहुंचकर ली बधाई और फोन भी किया खुद ही अटैंड





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुनील शर्मा भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। वार्ड अध्यक्ष से उनका भाजपाई सियासी सफर शुरू हुआ। सबसे बड़ी जीत भी हासिल की और अब सरकार में वो कैबिनेट मंत्री भी बने हैं। पुराने भाजपाई हैं लिहाजा वरिष्ठ नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता को जानते भी हैं पहचानते भी हैं। कार्यकर्ता से नजदीकी का ये भाव उनके व्यवहार में झलकता है। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद संगठन द्वारा इतना भव्य स्वागत अन्य किसी मंत्री का संभवतः नहीं हुआ है। यूपी गेट से लेकर भाजपा के कार्यालय तक कोई चौराहा ऐसा नहीं बचा जहां उनका स्वागत ना हुआ हो। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद सबको लग रहा था कि वो व्यस्त हो जायेंगे, वो बिजी हो जायेंगे। लेकिन तीन बार के विधायक सबसे बड़ी जीत के विजेता और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अब और ज्यादा मस्त और कार्यकताओं से लेकर नेताओं के लिए ईजी हो गये हैं। इस बात की तस्दीक उत्तर प्रदेश के गृह राज्यमंत्री रहे, व्यापार कर मंत्री रहे और बेसिक शिक्षा मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी ने भी की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि हम उन्हें बधाई देना चाहते थे और हमें लगा कि वो व्यस्त होंगे तो हमें समय लेकर मिलना चाहिए। लेकिन जब हमने उन्हें फोन मिलाया तो फोन भी स्वयं सुनील शर्मा ने ही अटैंड किया और कहा कि मैं ही आपके घर आ जाता हूं और वो वास्तव में आ भी गये। सुनील शर्मा की सरलता और उपलब्धता की बालेश्वर त्यागी ने जमकर तारीफ की। इसके बाद सुनील शर्मा ने स्वयं पूर्व मेयर आशा शर्मा को फोन मिलाया और उनके पति केके शर्मा से बात की। यहां पर केके शर्मा भी उनके व्यवहार से अभिभूत हो गये और उन्होंने भी लिखा कि फलदार वृक्ष नम्रता से झुक जाते हैं। सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री बने हैं और उन्होंने एक नया ट्रैंड चलाया है। वो अब कई स्थानों पर खुद जा रहे हैं और खुद सभी को अटैंड कर रहे हैं। कोई फोन कॉल आती है तो उसे भी खुद अटैंड करते हैं। वो अपने वरिष्ठ नेताओं के यहां जा चुके हैं। वो पूर्व मंत्री से लेकर पूर्व मेयर के यहां जा चुके हैं। बताया जाता है कि सुनील शर्मा सम्मान की परम्परा के नए ट्रैंड में अपने लगभग 50 भाजपाई फ्रैंड से मिल चुके हैं। वो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक मुलाकात कर चुके हैं। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद उनका ये नया ट्रैंड सभी को पसंद आ रहा है।



### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से लेकर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से मुलाकात

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद सुनील शर्मा और अधिक सहज हो गये हैं और बेहद सरलता के साथ वो सरकार से मिली नई जिम्मेदारी की खुशी को साझा कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से भी मुलाकात की और वह उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद से भी मिले। उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से लेकर शिवप्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात वाली लिस्ट में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, दया शंकर सिंह, केपी मलिक सहित कई नाम शामिल हैं।

### इस बात में है सस्पेंस उन दो चेहरों से क्यों है डिस्टेंस

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद सुनील शर्मा पूरी तरह से कार्यकर्ता वाले भाव में हैं। वो सभी से मिल रहे हैं और एक नया ट्रैंड उन्होंने चलाया है। लेकिन यहां पर चर्चा ये भी है कि अगर वो सबसे मिल रहे हैं तो फिर उन दो चेहरों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। वो दो चेहरे किसी फोटो फ्रेम में नहीं है। भाजपा वाले ही पूछ रहे हैं कि आखिर इस डिस्टेंस का सस्पेंस क्या है। यह कोई केयर से जुड़ा मामला है या फिर अभी जनरली मुलाकात नहीं हो सकी है।

### अनिल अग्रवाल से लेकर संजीव शर्मा के आवास तक मुलाकात का सीन

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्थानीय चेहरों में भी अपने ट्रैंड को जारी रखा है। वो गाजियाबाद में भी भाजपा के कई चेहरों के यहां गये। स्वयं मिठाई खिलाई, बधाई शुभकामनाएं का सिलसिला हुआ और ये व्यवहार ऐसा था कि सभी ने इसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया है। वो राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल के आवास पर गये। वो शहर विधायक अतुल गर्ग के यहां गये। वो महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के घर गये। पूर्व मेयर अशु वर्मा के घर पर जाकर उनसे मुलाकात की। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के यहां गये। विधायक अजीत पाल त्यागी के आवास पर मुलाकात की। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा के यहां गये और उनसे आशीर्वाद लिया। कृष्णवीर सिरोही से मुलाकात की और ये एक ऐसी लिस्ट है जिसमें नामों की लंबी फेहरिस्त है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्वागत का एक ट्रैंड चलाया है जिसमें उनका मंत्री स्वयं चलकर उनके द्वार आया है। कहने वाले कह रहे हैं कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की इस अदा पर पूरे भगवागढ़ को प्यार आया है।

## उठते सवालों का करंट

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रविवार को गाज़ियाबाद में कई सरकारी और राजनीतिक कार्यक्रम हुए श्रीमान ? सभी आयोजनों पर हमारा था बारीकी से ध्यान ? हमने देखा जिन आयोजनों में थे साहब वहाँ पर नहीं दिखाई दे रहा था गाज़ियाबाद के तमाम जनप्रतिनिधियों का वजूद ? कुछ जनप्रतिनिधियों ने भी अपने यहाँ आयोजन किए वहाँ पर नहीं दिखाई दिये साहब ? कहने वाले ने कहा, चुनाव की घड़ी में इस तरह की दूरियाँ हमारी समझ से है काफी दूर ? ये सब कुछ सामान्य घटना है ? या फिर दोनों और से दिखाया जा रहा है सोच समझकर दूरियों का दुस्तूर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ में इस वक़्त एक चर्चा पूरी जोरों से चल रही है साहब ? गाज़ियाबाद की राजनीति के एक बड़े चेहरे ने हाल ही में की है माननीय जी से मिलकर मुलाकात ? इस मुलाकात को लेकर उठ रहे है तरह तरह के डाउट ? कोई इस मुलाकात वाली बात को हक ीकत बता रहा है ? कोई कह रहा है, मार्केट में एक नहीं काफी मुलाकातों की चर्चा सोच समझकर की हा रही है आउट ? कहने वाले ने कहा, ज्यादा दिमाग पर जोर देने की जरूरत ही कहा है ? आज नहीं तो कल घोषणा होते ही दूर हो जाएँगे सभी डाउट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे बहुत अच्छी लगती है भगवा वाटरमेन की फोन वाली कॉलर ट्यून ? हमारा बार बार करता है इस धुन को सुनने का मन ? हम इस गाने को सुनने के लिए बार बार रहते है सारस्वत जी को फोन मिलाने के लिए तैयार ? जो बोयेगा वही पाएगा वाले स्वर फोन मिलते ही फोन से निकलकर आते है बाहर ? लगता है जिसे वो इस धुन को सुनना चाहते है, शायद अभी तक नहीं मिलाया है उस शख़्स ने उनको फोन ? जैसे करनी वैसी भरनी वाली बात बिलकुल भी नहीं है रॉग ? हम तो चाहते है वॉटरमैन अपनी इस धुन को बदल दें ? बहुत मुश्किल है कि वो शख़्स मिलायेगा उनको फोन ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व मेयर प्रत्याशी श्यामवीर चौधरी का है समाज में मजबूत नाम ? वो अपने दम पर एक समय पचास हजार वोट लाए थे, शायद इस बारे में भगवा वाले बिलकुल भी नहीं लगा रहें है ध्यान ? माना पोलिटिकल रूप से मिस्टर चौधरी खुद को करके चलते है रिजर्व ? उनकी खामोशी का ये मतलब नहीं है कि वो कुछ बड़ा नहीं करते है डिजर्व ? गुटबाजी वाली मुहिम से भी वो खुद को काफी दूर रखते है श्रीमान ? लोकसभा चुनाव पास है ? पार्टी को देना चाहिए ऐसे कर्मठ चेहरे पर भी ध्यान ? ज़िम्मेदारी मिली तो उनके समाज में जाएगा मजबूत संदेश ? राजनीति में काफी सौम्य माना जाता है श्यामवीर भैया का फेस ? खुद के समाज के अलावा बाक ी बिरादरियों भी रखती है उनको लेकर अपने दिल में बड़ा स्पेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें एक बहुत ही रोचक बात पता चली है श्रीमान ? शास्त्री जी वाले एरिया के व्यापार मंडल में हो गया है इंटरनल घमासान ? इस लड़ाई के दिखे मौजूदा भगवा मेम्बर को एक उद्घाटन में इग्नोर करने वाले इफेक्ट ? व्यापार संघटन ने त्यागी जी की जगह पूर्व यादव मेम्बर को बुलाकर दिया रियेक्ट ? अब देखना ये है कि त्यागी जी का क्या रहेगा इस घटना पर एक्ट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार के भगवा राणा पार्टी के आयामों में तो चाहते है जाना ? अपनी इस चाहत का उन्होंने मावी जी से लेकर कई चेहरों को भेजा है पैगाम ? मगर चाहकर भी नहीं पुकारा जा रहा है कार्यक्रमों के लिए उनका नाम ? विरोधी भी इस बात को करते है स्वीकार ? क्षेत्र की जनता करती है उनको बहुत ज्यादा प्यार ? संघटन वाले इस लिये उन्हें बुलाने से बना लेते है दूरी ? क्योंकि उनसे बर्दाश्त नहीं होते राणा जी के साफ सत्य और तीखे विचार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि में था स्टेडियम वाले कार्यक्रम में मौजूद ? यहाँ पर जनरली साहब के साथ काफी मजबूत नजर आ रहा था मुन्नी जी का वजूद ? हमने देखा साहब ने मुन्नी जी को सम्मान देते हुए काफी देर तक पकड़े हुए थे उनके हाथ ? इतना ही नहीं मैदान के शिलान्यास से लेकर कार्यक्रम के मंच तक वो लेकर गये मुन्नी जी को अपने साथ ? ये साथ आगे क्या असर दिखाएगा, इसको जानने की चाहत कई दिलों में जाग चुकी है अब बेहिसाब ? ये भी सच है कि मुन्नी जी अच्छा खासा जनाधार लेकर चलते हैं साथ ? चुनाव पास है और इस बात को बखूबी जानते है साहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा पार्षद हिमांशु चौधरी ने मारा इतना जोरदार छक्का ? जिसे देखकर रह गया हर कोई हक्का बक्का ? उन्होंने एक ही शॉट में स्टेडियम से बाहर पहुँचा दी बोल ? फिर बोल लापता हो गई ? उसे ढूँढने के सभी प्रयास दबे रह गये ओवरल ? कहने वाले ने कहा, मौके पर मौजूद एक सिलेक्शन कमिटी ने बड़े मैच के लिये शॉर्टलिस्ट कर लिया है उनका नाम ? मगर पार्षद ने इस ऑफर को लेने से इनकार कर दिया है ? कह दिया मोदी जी को भारी मतों से पीएम बनाना है ? फि लहाल हमारा है केवल लोकसभा चुनाव पर ही ध्यान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से विधायक नंबर को मिला है कैबिनेट वाला ताज ? तब से हम देख रहे कुछ चहेते रोजाना उनके दफ़्तर पर आ जाते है छोड़कर अपने सभी काज ? सुबह से लेकर शाम तक रेडी, शर्मा, भाटी, कसाना उनके कार्यालय पर ही रहते है श्रीमान ? अब इसे हद से ज्यादा खुशी का इजहार करना कहे ? या फिर कहे कि अब ऐसे सीन रोज ही देखने को मिलेंगे मेहरबान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या आम आदमी पार्टी उतारेगी गाजियाबाद में लोकसभा चुनावों में अपना उम्मीदवार? क्या झाडू वाले दल का मिलेगा यहां किसी को सपोर्ट? क्या गठबंधन की राजनीति में शामिल होने जा रही है आम आदमी पार्टी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के उद्घाटन पर क्या छिड़ गई क्रेडिट वॉर

### जीसीए ने दिया शुक्ला जी को धन्यवाद और जनरल ने कहा पीएम सीएम की है सौगात




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है। राजनगर एक्सटेंशन में इस स्टेडियम का शिलान्यास हुआ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में यह कार्यक्रम रखा गया। लेकिन यहां पर स्टेडियम का श्रेय लेने के लिए केडिट वॉर दिखाई दी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने जो होर्डिंग लगाये उसमें मुख्य अतिथि राजीव शुक्ला का नाम था और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के कर कमलों से ही इस स्टेडियम का शिलान्यास होना था और यहां विशिष्ठ अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह मौजूद थे। लेकिन यहां चर्चा का विषय वो होर्डिंग बने जो अलग अलग बनवाये गये थे। जीसीए वालों ने अपने होर्डिंग में केवल राजीव शुक्ला को यह सौगात देने पर उनका धन्यवाद किया।



जबकि शिलान्यास वाले पत्थर पर राजीव शुक्ला और जनरल वीके सिंह दोनों का नाम था। मगर यहां क्रेडिट वॉर उस होर्डिंग से शुरू हुई जिसमें ऐसा लग रहा था कि गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन वालों ने बाकायदा भाजपा से लाइन खींचकर किया। उनके पूरे होर्डिंग में कहीं भी पीएम या सीएम का जिक्र नहीं था। जबकि जनरल वीके सिंह ने जो होर्डिंग लगवाये उसमें पीएम और सीएम को क्रेडिट दिया गया। जनरल वीके सिंह शुरू से इस स्टेडियम के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में आने वाली कई अड़चनों को दूर कराया है। लेकिन जब उद्घाटन हुआ तो यहां दो होर्डिंग चर्चा में रहे। इधर वाले पक्ष ने इस सौगात के लिए राजीव शुक्ला का आभार व्यक्त किया। होर्डिंग को लेकर चर्चा रही।

# मंगलवार को मिल जायेगा गठबंधन को उम्मीदवार का नाम

### दो दलों के गठबंधन में आयेगा तीसरे दल से डॉक्टर साहब का नाम


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में सबकी नजरे इस बात पर हैं कि सीट समझौते में कांग्रेस के पास आई है और सपा यहां चुनाव लड़वायेगी। बसपा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं और इस बात की उम्मीद है कि वो अपने हाथी को लेकर अकेले ही चुनाव मैदान में आयेगी। ऐसे में सूत्र बता रहे हैं कि जहां सीट भले ही समझौते में कांग्रेस को मिली है लेकिन कांग्रेस यहां अलग ही फामूर्ला लेकर आयेगी। सपा और बसपा की तरह उम्मीदवार एक्सचेंज नहीं होगा बल्कि सूत्र बता रहे हैं कि इस बार वोट वाले रण में कांग्रेस और सपा मिलकर एक तीसरे उम्मीदवार का तीसरे दल से इम्पोर्ट करेंगे। ये गजब फामूर्ला गाजियाबाद में लागू होने जा रहा है। कांग्रेस के संगठन कर्ताधर्ता पहले ही कह चुके हैं कि यहां उन्हें कैलीबर का उम्मीदवार चाहिए। चुनाव के लिए सपा और कांग्रेस दोनों के पास चेहरे है लेकिन माना जा रहा है कि इस बार भाजपा का रथ रोकने के लिए पथ नया ही तलाशा जायेगा। इस कड़ी में एक नई कड़ी जुड़ेगी और मंगलवार को विधिवत रूप से ये नाम सामने आ जायेगा। अभी तक कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार का खुलासा नहीं किया है। संगठन भी ये नहीं बता रहा है कि किस किस नेता ने यहां से लोकसभा की दावेदारी करते हुए टिकट मांगा है। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि सपा और कांग्रेस यहां गठबंधन करते हुए अपनी ही सीट को खाली छोड़ देंगे और ये दोनों मिलकर एक तीसरे उम्मीदवार को चुनाव लड़वायेंगे। करंट क्राइम पहले ही इस संभावना को बता चुका है और वो बता चुका है कि जहां से किसी डॉक्टर साहब का नाम आयेगा। अब सूत्र बता रहे हैं कि विपक्षी राजनीतिक दल भी भाजपा के मूवमेंट पर निगाह रख रहे हैं। वो भाजपा के उम्मीदवार घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि गठबंधन वाली सीट पर मंगलवार को नया मोड़ आ जायेगा। गठबंधन वाले सीन में डॉक्टर साहब का नाम आ जायेगा। मंगलवार को दोनों ही दल यानि कांग्रेस और सपा एक तीसरे दल के उम्मीदवार को सपोर्ट करने का ऐलान कर देंगे। बताया जाता है कि ये नाम कई नेताओं का बीपी बढ़ा देगा। बहरहाल जो भी होगा मंगलवार को इस बात की प्रबल संभावना है कि डॉक्टर साहब के नाम की घोषणा हो जायेगी।

## हाथी अकेला ही आयेगा लोकसभा वाले चुनावी ट्रैक पर

### बसपा दांव खेलेगी किसी मुस्लिम चेहरे के नाम पर !

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनाव में सभी निगाहें बसपा पर हैं। बसपा आज भले ही एक विधायक के साथ विधानसभा में है लेकिन उसका कैडर वोट उसके साथ दिखाई देता है और बसपा पहले ही ऐलान कर चुकी है कि वो किसी से भी चुनावी हाथ नहीं मिलायेगी। बसपा चुनाव में किसे लेकर आयेगी, इस पर सबकी निगाहें हैं। इसकी वजह भी यह बताई जाती है कि मेयर चुनाव में बसपा ने सपा से ज्यादा वोट हासिल कर सबको चौंकाया था। ये तब था जब उसका उम्मीदवार राजनीतिक गलियारों में इतना चर्चित नहीं था लेकिन यहां हाथी ठीक चाल से दौड़ा था और बड़ी मात्रा में वोट लेकर आया था। अब लोकसभा का चुनाव है और हाथी कौन सा दांव चलेगा, इस पर विचार हो रहा है। हाथी के महावत ही बता रहे हैं कि नीला हाथी ऐकला चलो की नीति पर आयेगा। वो यहां पर अपने डीएम समीकरण पर फोकस करेगा। इस बात की प्रबल उम्मीद है कि बसपा का हाथी लोकसभा में मुस्लिम उम्मीदवार लेकर आयेगा। सूत्र बता रहे हैं कि यहां से कोई ऐसा चेहरा भी उम्मीदवार हो सकता है जो पहले भी चुनावी रण में आ चुका है। पार्टी अलग अलग समीकरण पर विचार कर रही है। यहां उसे अपने डीएम समीकरण पर भरोसा है। इसी समीकरण के सहारे पहले भी बसपा ने मुरादनगर सीट जीती थी। जब भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों में डीएम समीकरण पर चलते हुए वहाब चौधरी विधायक का चुनाव जीते थे। मेयर चुनाव में भी उसके मुस्लिम उम्मीदवार ने बड़ी संख्या में वोट हासिल किये थे। अब लोकसभा चुनाव में भी इस बात की प्रबल संभावना है कि यहां हाथी अकेला आयेगा और उसका महावत मुस्लिम उम्मीदवार होगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियां तेज, पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च




गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ एसीपी कार्यवाहक प्रियाश्री पाल ने घंटाघर कोतवाली क्षेत्र और कैलाभट्ट इलाके के साथ ही विजयनगर में पैदल गश्त की। इस दौरान अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने भी फ्लैग मार्च करते हुए आगामी चुनाव के मद्देनजर संयुक्त व सघन आबादी और संवेदनशील इलाकों में असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि वह किसी प्रकार से चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करेंगे तो उनकी खैर नहीं होगी।

### सेक्टर-23 में भी पुलिस ने निकाल फ्लैग मार्च

(करंट क्राइम)। सिटी जोन में जहां घंटाघर कोतवाली और विजयनगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया, तो वहीं कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में भी अर्ध सैनिक बलों के साथ पुलिस की पीआरवी टीम फ्लैग मार्च में नजर आई। इस दौरान पुलिस ने जमकर हूटर का प्रयोग किया और संवेदनशील इलाकों में लोगों की चेकिंग करने के साथ ही बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ भी की। इस दौरान एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी रविश शर्मा मौजूद रहे। साथ ही कई चौकियों का पुलिस बल भी साथ रहा।

### प्रत्येक जोन में निकलेगा रोजाना फ्लैग मार्च

(करंट क्राइम)। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए अतिरिक्त फोर्स और अर्धसैनिक बलों को गाजियाबाद में कमान संभालने के लिए भेज दिया गया है। आगामी त्यौहारी सीजन के बाद लोकसभा के चुनाव होने हैं। इस दौरान आचार संहिता की घोषणा होते ही पुलिस बेहद एक्टिव मोड में आ जाएगी। इसी वजह से सुरक्षा की कमान को मजबूत करने और जनता को सकारात्मक संदेश देने के लिए कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में प्रतिदिन अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस बल अर्ध सैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकालने का कार्य करेगा।

# बहुत दिनों से क्यों खामोश हैं नगर निगम के चाणक्य प्रवीण चौधरी

### ना मेयर के साथ हो रही है कदम ताल और ना ही वो अब खेल रहे हैं फ्रंट पर आकर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कुछ लोग अपने व्यवहार से भी सियासत में अपनी एक अलग जगह बनाते हैं। कुछ लोग अपने ज्ञान के दम पर यह स्थान हासिल करते हैं और कुछ ऐसे भी होते हैं जो व्यवहार और ज्ञान दोनों के धनी होते हैं। ऐसे ही चेहरों में पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और मौजूदा राजनगर पार्षद प्रवीण चौधरी का नाम है। प्रवीण चौधरी निगम में एक बड़ा अनुभव रखते हैं। वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे चुके हैं और इस पद पर रहकर उनका ये जलवा था कि निगम के दस्तावेजों में भले ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हों लेकिन यार दोस्तों में वो डिप्टी मेयर के नाम से ही फेमस हैं। कोई कुछ भी कहे लेकिन लोग उन्हें आज भी डिप्टी मेयर बुलाते हैं। प्रवीण चौधरी नगर निगम के उन चेहरों में गिने जाते हैं जो मुद्दों को बेहद सधे हुए अंदाज में उठाते हैं। उन्हें नगर निगम का चाणक्य कहा जाता है। कार्यकारिणी चुनाव से लेकर जीडीए बोर्ड सदस्य के चुनाव तक वो जानते है कि कौन से मौके पर कौन सा दांव चलना है। पेशे से अधिवक्ता हैं तो तर्कों के साथ निगम में अपनी बात रखते हैं और एक ऐसे वक्ता हैं जो अपनी जानकारी के चलते कई बार अधिकारियों की बोलती भी बंद कर देते हैं। इस चेहरे ने राजनगर की सीट पर पहले टिकट को लेकर दावेदारी वाली जंग में फतह हासिल की और फिर रोचक मुकाबले में जीत हासिल की। नगर निगम में मेयर के साथ अक्सर दिखाई देने वाले इस चेहरे ने अब खामोशी साध ली है। नगर निगम का ये चाणक्य क्यों खामोश है इसको लेकर चर्चा होती है वजह भी ये बताई जाती है कि नगर निगम के सदन में प्रवीण चौधरी के रूप में भाजपा को एक अनुभवी चेहरा मिला है जो नगर निगम के एक्ट और टैक्ट से परिचित है। जब निगम वाली पारी शुरू हुई तो इस चेहरे ने पूरी जिम्मेदारी के साथ मेयर के सलाहकार वाली भूमिका को अपनाया। मेयर की गुडबुक में ये नाम आया। अक्सर फोटो में दो ही चेहरे मेयर के साथ दिखाई देते थे इनमें मौजूदा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा और पूर्व निगम कार्यकारिणी प्रवीण चौधरी थे। लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि प्रवीण चौधरी ने खामोशी साध ली। वो मेयर वाले दफ्तर में भी दिखाई देना बंद हो गये। क्या वजह है कि नगर निगम के ये चाणक्य खामोश हैं। क्या वजह है कि अब प्रवीण चौधरी विकास की बात तो करते हैं लेकिन अब मेयर से जुड़े मुद्दों पर कोई प्रतिवाद नहीं करते।

### नहीं कर रहे निगम की केयर और कैबिनेट वालों के साथ हैं सेट



करंट क्राइम। प्रवीण चौधरी राजनीति के खिलाड़ी हैं। वो नगर निगम की कार्यप्रणाली से परिचित हैं। निगम के शुरूआती दौर में ये दिखाई देता था कि मेयर के हर मूवमेंट में वो पूरी केयर के साथ नजर आते थे। सलाह वाले फेम में दिखाई देते थे। मेयर अगर औचक निरीक्षण कर रहीं हैं तो फोटो फ्रेम में प्रवीण चौधरी भी आयेंगे। अब इसी बात को लेकर डाउट है कि प्रवीण चौधरी जैसा चेहरा मेयर के साथ फोटो वाले सीन से क्यों आउट है। वो विकास वाले फे्म में दिखाई देते हैं अब ऐसा लगता है कि वो नगर निगम की केयर से ज्यादा कैबिनेट मंत्री के साथ सैट हैं। हाल ही में उनकी खिलखिलाती हुई तस्वीर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ आई है। ये तस्वीर बता रही है कि सोच समझकर मौन धारण किया है और अब वो अपने वार्ड के विकास पर फोकस कर रहे हैं। सलाह देने वाले कोकस से वो दूर हो चुके हैं।

## संपादकीय

# लौट रहा है कश्मीर का नैसर्गिक रूप

प्रधानमंत्री जम्मू और लद्दाख क्षेत्रों में जाते रहे हैं, लेकिन घाटी में पहुंचना उनके लिए भी चुनौती थी। बहरहाल अब ह्यजन्नतढ्ढ का नैसर्गिक रूप खिल रहा है। कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब ह्यहम हिंदुस्तानी हैं, भारत माता की जय के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं शून्य हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी गैर कश्मीरी को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है। अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुईं, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है। चूंकि लोगों की आवाजाही खुली और बढ़ी है, तो डल झील का नूरानी सौंदर्य भी लौट आया है। कश्मीरी पश्मीना शॉल, साडिों और सलवार-कमीज जैसे वस्त्रों का निर्यात बहाल हुआ है। कश्मीरी कहवा और केसर के नियार्ती बाजार भी खुल चुके हैं। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था फलने-फूलने लगी होगी। कश्मीर घाटी अब देश की मुख्यधारा से जुड़ कर अनुच्छेद 370 का इतिहास और अतीत भूल चुकी है। किसी पारिवारिक सियासत का हिस्सा 370 अब भी होगा, लेकिन आम कश्मीरी का कोई विरोध नहीं है। उसे सिर्फ विकास और रोजगार की दरकार है। वह इससे खुश और देश से जुड़ा महसूस करता है कि 53 विकास योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने घाटी में किया। गांव-गांव तक 10 फुट की सडकें बन रही हैं। करीब 25,000 खिलाडिों ने खेल मुकाबलों में हिस्सा लिया। कई खिलाड़ी तो राष्ट्रीय टीमों के सदस्य हैं। करीब 15 लाख परिवारों को पानी मुहैया कराया गया। सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फिजाओं में लहरा रहा है और भारत का संविधान, संसद द्वारा पारित किए गए कानून अब जम्मू-कश्मीर में भी प्रभावी और प्रासंगिक हैं। कश्मीर में दो एम्स खुल चुके हैं, जाहिर है कि स्वास्थ्य भी सरकार के लिए अहम सरोकार है। ये तमाम उपलब्धियां और बदलाव एक ही दौर की देन नहीं हैं और न ही किसी व्यक्ति-विशेष से जुड़ी हैं। यह बीते 10 साल का यथार्थ है, जो कश्मीर में अब मूर्त रूप ले रहा है। बेशक इनकी सूत्रधार भारत सरकार रही है और सर्वोच्च अदालत ने भी दखल देकर 370 की पेचीदगियों को खोला है। प्रधानमंत्री मोदी भी श्रेय के पात्र हैं, जिन्होंने ऐसी योजनाएं बनवाईं और उन्हें लागू करवाया।

# 'निष्पक्ष व्यापार के लिए साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक'

## व्यापार समझौते पर पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** भारत और ईएफटीए के बीच हुए समझौते पर पीएम मोदी ने हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने एक लंबी छलांग लगाई है। भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता खुले, निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**मैं इस समझौते के लिए हार्दिक बधाई देता हूं- मोदी:** भारत और ईएफटीए के बीच हुआ व्यापारिक समझौते के दिन को खास बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और फार्मा जैसे कई क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास में ईएफटीए देशों का वैश्विक नेतृत्व सहयोग के नए दरवाजे खोलेगा। पीएम मोदी ने अपने लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई-मोदी :** प्रधानमंत्री का संदेश वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए देशों के मंत्रियों और अधिकारियों की मौजूदगी में पढ़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, भारत की अर्थव्यवस्था ने एक लंबी छलांग लगाई है, जो दुनिया की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

### क्या है ईएफटीए

दोनों पक्षों ने अक्तूबर 2023 में बातचीत फिर से शुरू की और इसे जल्द से जल्द खत्म किया। बता दें ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन राज्यों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी, जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। हालांकि भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ अलग से एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

# गो फर्स्ट एयरलाइंस से जुड़ी कंपनी को कारण बताओ नोटिस, आदेश की अवहेलना पर अदालत ने कही बात




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गो फर्स्ट एयरलाइंस से जुड़ी कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने सवाल किया है कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने के कारण कंपनी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए? दिल्ली हाईकोर्ट ने गो फर्स्ट एयरलाइंस से जुड़ी कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने पूछा है कि गो फर्स्ट एयरलाइंस से जुड़ी कंपनी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल्स के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए? कंपनी पर हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना के आरोप लगे हैं। पट्टेदारों के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति मामले में अदालत ने गो फर्स्ट को अहम निर्देश दिए थे। हालांकि, न्यायिक आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। अब कंपनी को अदालत की अवमानना की कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है।

# पीएम मोदी ने पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का उद्घाटन किया

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। इस कार्यक्रम के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार पुणे हवाई अड्डे पर मौजूद थे। फडणवीस ने कहा कि सरकार पुणे जिले के पुरंदर में एक नया हवाई अड्डा विकसित करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने कहा कि पुणे में लोहेगांव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का रविवार को उद्घाटन किया गया। यह भवन 7,50,000 वर्ग फुट में फैला है और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता एक करोड़ से अधिक यात्रियों की होगी। इस परिसर में 10 एयरोब्रिज और



72 चेक-इन काउंटर भी होंगे। अधिकारियों के अनुसार, कोल्हापुर हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल भवन 4,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं और यात्रियों के लिए 10 चेक-इन काउंटर होंगे। टर्मिनल भवन के अंदरुनी हिस्से में स्थानीय संस्कृति और विरासत स्थलों को दशार्या जाएगा।

# भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा

## सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिमार्ताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है। टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरूआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की भरपाई करने में मदद मिलेगी।


गोयल ने कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिमार्ताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई



पहल पर काम जारी है, और अंतर-मंत्रालयी परामर्श तथा हितधारकों के साथ बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यूरोप, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और दुनियाभर के संभावित निवेशकों के साथ भी संवाद चल रहा है।

भारत में मोटर वाहनों पर उच्च शुल्क लागू है, जिसका मकसद घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। विदेशी कार विनिमार्ताओं के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, ह्यसरकार किसी एक कंपनी या उसके हितों के लिए नीति नहीं बनाती है। सभी अपनी मांग रखने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार उनकी मांग के आधार पर फैसला करेगी। गोयल इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या सरकार भारत में विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए टेस्ला को कोई रियायत देने पर विचार कर रही है।

## वॉल्ट डिज्नी के सीईओं ने कहा, रिलायंस के साथ विलय से कंपनी का मुनाफा बढ़ेगा, जोखिम कम होगा



**नई दिल्ली।** वॉल्ट डिज्नी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉब इगर का मानना है कि भारतीय कारोबार के विलय के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ संयुक्त उद्यम से कंपनी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारतीय बाजार में कंपनी के कारोबार का जोखिम कम होगा। इस सप्ताह की शुरूआत में मॉर्गन स्टेनली निवेशक सम्मेलन में इगर ने कहा कि विलय सौदे से एक बड़ी इकाई बनेगी और उसे बाजार में महत्वपूर्ण स्तर पर बने रहने में मदद मिलेगी। इगर ने कहा, हमें रिलायंस के साथ जुड़ने का अवसर मिला, जाहिर तौर पर यह वह कंपनी है जिसने वहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जिसका हम सम्मान करते हैं। और ऐसा करने के साथ हम एक बड़ी मीडिया कंपनी में हिस्सेदार बन गए हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज साथ काम करने वाले लोग मददगार रहेंगे। यदि आप किसी ने बिजनेस की शुरूआत करना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही शुभ रहेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। आप अपने व्यापार को नई गति देंगे। जीवनसाथी के साथ संबंध बढ़िया रहेंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ नए बदलाव आयेंगे। आज शाम को आप किसी फ्रेंड के बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगें छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य है।

**कर्क:** आज पुराने दोस्तों की सहायता से आप किसी बड़ी समस्या से आसानी से बाहर निकल पाएंगे। जीवनसाथी की हेल्थ को लेकर चिंतित रहेंगे।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहने वाला है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में सभी काम समय पर पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे।

**तुला:** आज आपके जीवन में अचानक से कोई बड़ा बदलाव हो सकता है। आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक:** दिन मिलाजुला असर लेकर आएगा। मानसिक तनाव में रहेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। काम के सिलसिले में भी दिक्कत कि सामना करना पड़ सकता है।

**धनु:** आज दिन बेहतर रहने वाला है। ऑफिस में सारे काम समय से पूरे हो जायेंगेंसाथ ही बॉस आपके बेहतरप्रदर्शन के लिए पदोन्नति पर विचार-विमर्श करेंगे।

**मकर:** घर-परिवार की समस्या रहेगी। आक्रामकता और गुस्से की वजह से समस्या हो सकती है। आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** आज का दिन बढ़िया रहेगा। लंबे समय से अटके हुए कामों को निपटाने के लिए आज का दिन बढ़िया है। व्यापार के सिलसिले में आपको मुनाफा मिल सकता है।

**मीन:** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगाअगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं,तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं।

## चुटकुले

रिंकू- मम्मी मैंने आपकी सारी टेंशन खत्म कर दी..
मम्मी खुश होकर- अच्छा वो कैसे...
रिंकू- आपकी जो सबसे फेवरेट वाली प्लेट थी न...जिसे आप संभालकर रखते रखते परेशान थीं...
मम्मी- हां तो...
रिंकू- मैंने आज वो तोड़ दी...सारी टेंशन खत्म
दे चप्पल...दे चप्पल...दे चप्पल

---

टीचर-बताओ अ फॉर क्या होता है
टिंकू-नहीं पता सर
टीचर- मैं जब तुम्हारे बराबर था तो इंग्लिश की पूरी किताब फटाफट पढ़ लेता था
टिंकू- हां सर आपको कोई अच्छा टीचर मिल गया होगा
दे थप्पड़....दे थप्पड़...दे थप्पड़

---

पिता-मेरा बेटा मुझसे ज्यादा प्यार करता है
मां- नहीं मेरा बेटा तुमसे ज्यादा मुझसे प्यार करता है
दोनों-चलो अपने बेटे को कंकड़ मारकर डराते हैं...देखें मम्मी को आवाज लगाएगा या पापा को...
कंकड़ लगते ही बेटा....अरो कौन है जाहिल...रुक अभी बताता हूं तुझे

## रोचक तथ्यों का करंट

- अपोलो 13 आपातकाल के दौरान पृथ्वी से सबसे दूर की दूरी एक अंतरिक्ष यात्री ने कभी यात्रा की है।
- एक अंतरिक्ष यात्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करते हुए एक बुमेरांग फेंक दिया और गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में भी वह उनके पास लौट आया था।
- नासा में सटीक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शब्दों की एक सूची है जो लेखक साइंस फिक्शन कहानियों में उपयोग कर सकते हैं।
- पृथ्वी पर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन 925,000 पाउंड का वजन, 11 पूर्ण अर्ध ट्रकों से अधिक होता है, अंतरिक्ष में, यह लगभग कुछ भी नहीं होता है।
- 10 अगस्त 2015 को, नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खाना खाया जो पहली बार अंतरिक्ष में उगाया गया था।
- बाहरी अंतरिक्ष समुद्र स्तर से ऊपर 100 किमी से शुरू होता है।
- वर्जीनिया में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने एक उपग्रह बनाया जिसे बाद में 2016 में नासा द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया।
- साल 2003 कोलंबिया स्पेस शटल आपदा के केवल बचे हुए कुछ परजीवी कीड़े हैं, जिन्हें नेमेटोड कहा गया था।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नगर निगम में क्विक रिएक्शन टीम संस्कृति विकसित की जाये: अध्यात्मिक गुरू पवन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हित संरक्षण, संवर्धन तथा समन्वयकमहासमिति की एक बैठक आयाजित की गई। बैठक में सुझाव आया कि नगर निगम में क्विक रिएक्शन टीम संस्कृति विकसित करने की चिल्लाती हुई आवश्यकता है। गड्ढों की रिपेयर हो, या स्ट्रीट लाइट्स का रख रखाव हो, सीवर ब्लोकेज की समस्या हो, सबके लिए अलग अलग जोन में कविनगर जोन, विजय नगर जोन, मोहन नगर जोन, सिटी जोन, वसुंधरा जोन ) क्विक रिएक्शन टीम की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर सड़क रिपेयर की क्विक रिएक्शन टीम में एक गाड़ी हो, उसमें गिट्टी हो, हीटिंग कोइल्स हो, तारकोल हो, ट्रेडमेन हो। जैसे ही कहीं से खबर आती है कि सड़क में पोट होल हुआ है यह टीम तुरंत जाकर उस पोट होल को भर दे,



ऐसा करने से सड़क की लाइफ बढ़ जाएगी और खर्च भी कम होगा। पवन गुरू ने बताया कि झांसी मण्डल के पूर्व मंडलायुक्त डा. अजय शंकर पांडे ने बताया कि उन्होंने गाजियाबाद के नगर आयुक्त के कार्यकाल मे त्वरित सफाई बल का गठन किया शायद वह अब लुप्त हो गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ में इस क्विक रिएक्शन टीम को रोड डाक्टर के नाम से जाना जाता है महासमिति के अध्यक्ष प्रोफेसर डा. पवन सिन्हा ने कहा कि शहर की स्वच्छता के लिए, सार्वजनिक धन के सद्उपयोग के लिए और समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए क्विक रिएक्शन टीमका गठन अतिशीघ्र किया जाना चाहिए। महासमिति के महासचिव कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने बताया कि क्विक रिएक्शन टीम संस्कृति विकसित करने के लिएवार्षिक रखरखाव कॉन्ट्रेक्ट करना आवश्यक है वार्षिक रखरखाव कॉन्ट्रेक्ट करने के लिए नगर निगम के बजट में मेंटेनेस हेड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के बाद जहां आम जनता को राहत मिलेगी वहीं नगर निगम भी अपने क्षेत्र में पारदर्शी विकास का मॉडल बन सकेगा। साथ ही अन्य नगर निगमों से बेहतर उदाहरण पेश कर सकेगा। यह कार्य इतना आवश्यक है इसे अविलंब प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि आम आदमी के टैक्स के पैसे को बर्बाद होने से बचाया जा सके। बैठक में लोहा मंडी के अध्यक्ष अतुल जैन, प्रोफेसर मुन्ना मिश्रा, लाइन पार आरडब्लूए फेडरेशन के अध्यक्ष डा. आर के आर्या, नेम पाल चौधरी, इंडस्ट्रीज फेडरेशन गाजियाबाद के अध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रख्यात राष्ट्रीय कवि और फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के प्रतिनिधि डॉ. आर पी शर्मा, उत्तर प्रदेश के कोफैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यू के अध्यक्ष डॉ. पवन कौशिक, पावन चिंतन धारा आश्रम के ग्रवित विज मौजूद रहे।

# अवकाश दिवसों के दौरान लगाये गये वसूली कैंपों में निगम हुआ मालामाल, वसूले1 करोड़ 86 लाख





● वसूली में मोहननगर जोन सबसे आगे रहा

**गाजियाबाद,करंट क्रइम।** नगर निगम द्वारा शहर में करदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अवकाश दिवस में भी कैंप लगाई गई जिसमें लगभग 549 करदाताओं ने अवकाश में अपना हाउस टैक्स जमा कराया। सभी जोनल कार्यालय भी खुले रहे, अलग-अलग स्थान पर कैंप लगे, लगभग 22 स्थान पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कैंप लगाए गए। एक करोड़ 86 लाख की वसूली गाजियाबाद नगर निगम को अवकाश दिवस में हुई। अवकाश दिवस में कैंप लगने पर क्षेत्रवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद भी किया। सभी जोन में जोनल प्रभारी के नेतृत्व में कर वसूली कैंप लगाए गए। वसूली में मोहननगर जोन सबसे आगे रहा, लगभग 150 करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स कैंप पर आकर जमा कराया 60 लाख की वसूली हुई, विजयनगर के अंतर्गत 50 करदाताओं ने कैंप का लाभ उठाया लगभग 3 लाख 50 हजार की वसूली हुई, वसुंधरा के अंतर्गत 35 लाख की वसूली हुई तथा कैंप पर 110 लोगों ने अपना हाउस टैक्स जमा किया, सिटी जोन के अंतर्गत 153 करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स जमा किया जिसमें 11 लाख 15 हजार की वसूली हुई। कवि नगर के अंतर्गत 86 करदाताओं ने लाभ उठाया तथा 12 लाख की वसूली हुई, गाजियाबाद नगर निगम के खाते में एक करोड़ 86 लाख तीन अवकाश दिवस में आए तथा सम्मानित करदाताओं द्वारा अपना कर जमा किया गया लगने वाले 12% ब्याज से बचाव किया। अवकाश दिवसों में लगने वाले हाउस टैक्स कैंप के दौरान करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स जमा किया तथा गाजियाबाद नगर निगम को धन्यवाद भी प्रेषित किया।नगर आयुक्त द्वारा टीम को मोटिवेट किया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव तथा अन्य जोनल प्रभारी के कार्यों की भी प्रशंसा की अवकाश दिवसों में मोहन नगर जोन में सबसे अधिक वसूली हुई जिसके लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

# पार्श्वनाथ पैराडाइज मोहननगर में महिला दिवस तथा महाशिवरात्रि पर्व मनाया

## भौतिक रूप से केवल पद, प्रतिष्ठा, पैसा पाकर नहीं हो सकता सशक्तिकरण: डॉ.सीमा त्यागी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहननगर स्थित पार्श्वनाथ पैराडाइज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा महाशिवरात्रि पर्व पर शिव अवतरण, नारी (शिव शक्ति)सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिव मंदिर परिसर में शिव ज्ञान-योग साधना के बाद 'पैनल चर्चा' आयोजित की गयी। पैनलिस्ट समूह में दिल्ली टैगोर पार्क से राजयोगिनी बी के अल्पा, नेहरू विहार से बी के निशा, मुजफ्फरनगर से राजयोगिनी बी के जयन्ती, गाजियाबाद से शिक्षाविद तथा सामाजिक कार्यकर्ता डा.सीमा त्यागी, पारकिन फार्मा उद्योग के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र त्यागी तथा स्थानीय पार्षद सचिन डागर उपस्थित रहे। जहां एक ओर महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्यों पर बी के अल्पा दीदी, बी के जयन्ती दीदी ने प्रकाश डाला वहीं दूसरी ओर बहन सीमा त्यागी ने सांसारिक सशक्तिकरण के साथ-साथ मूल्यों का जीवन में समावेश तथा आंतरिक सशक्तिकरण द्वारा धैर्यता, गम्भीरता, प्रसन्नता, दिव्यता आदि गुणों का होना भी आवश्यक बताया। बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक स्वास्थ्य का विकास तथा जागृति करना सशक्त नारी का कर्तव्य है। राजेन्द्र त्यागी ने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव से कहा कि आंतरिक शांति, खुशी, शक्ति तथा आनंद का अनुभव आध्यात्मिक जीवन शैली से सहजता से हो जाता है। पार्षद सचिन डागर ने दी शुभकामनाएं बी के गणेश जोशी ने पैनल चर्चा का संचालन किया। कुमारी इप्शिता द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। रमेश पंत ने आध्यात्मिक गीत तथा इन्सपिरेशन डांस क्लब के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। शिव बारात, स्वर्णिम भारत तथा शिव शक्ति है नारी की मनमोहक झांकी को प्रस्तुत किया गया। शिव ध्वजारोहण के बाद मेहमानों को सम्मानित करने के साथ सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर विवेक त्यागी, कर्नल बिष्ट, बी के विजय, ओम प्रकाश, डा. वरुण, बालेश्वर आदि अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

## रेकी कर ट्रक को बनाते थे निशाना, पुलिस ने दो ट्रक किये बरामद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर पुलिस ने तीन ऐसे वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जो रेकी करके बड़े कमर्शियल वाहन चोरी किया करते थे। यह चोर 20 कार में चलते थे। पुलिस के मुताबिक अगर इनको नए वाहन मिलते थे तो उनके इंजन नंबर और चेसिस नंबर बदलकर बेच दिया करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो कैंटर, 20 कार, अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किये है। गाजियाबाद में डीसीपी कुंवर ज्ञानंजय ने बताया कि थाना विजयनगर पुलिस ने तीन आरोपी जो संभल के रहने वाले हैं उनको गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के नाम वकील, जमशेद और सलीम है। पुलिस इनके कब्जे से दो कैंटर, तीन मोबाइल, दो तमंचे, कारतूस, चाकू और 20 कार बरामद किए हैं। वकील पर 15 तो जमशेद पर 25 और सलीम पर 26 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक यह तीनों 20 कार में चलते हैं और सड़क किनारे खड़े बड़े कमर्शियल वाहनों की रेकी करते हैं। इंजन नंबर बदलकर यह उसको वैसे ही बेच दिया करते थे। रेकी करने के बाद यह उसको चोरी कर लेते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह कमर्शियल बड़े वाहन इसलिए चोरी करते थे क्योंकि उसमें लोहा ज्यादा होता था और कबाड़ी उसके अच्छे पैसे देता था। वही अगर कोई नया वाहन होता है तो उसके चेसिस और इंजन नंबर बदलकर यह उसको वैसे ही बेच दिया करते थे।

# 'मेरी नजर में इसका..', भारत से मुंह की खाने के बाद बेन स्टोक्स ने बताई 'बैजबॉल' की परिभाषा

**धर्मशाला।** 'बैजबॉल' के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मुंह की खाकर अब स्वदेश लौटने की तैयारियां कर रही है। धर्मशाला में खेले गए आखिरी मुकाबले में भारत ने बेन स्टोक्स के नेतृत्व वाली टीम को एक पारी और 64 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय खिलाड़ियों के आगे इंग्लैंड का 'बैजबॉल' पूरी तरह से फेल हो गया। इस पर सीरीज खत्म होने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलकर चर्चा की। उन्होंने दुनिया को 'बैजबॉल' की परिभाषा समझाई। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड की इस तकनीक का लोहा पूरी दुनिया मानती थी। हालांकि, भारतीय सरजमीं पर इंग्लिश खिलाड़ी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। हैदराबाद के अलावा भारत ने अन्य चार मैचों में टीम को करारी शिकस्त दी। स्टोक्स ने सुनाई 'बैजबॉल' की परिभाषा भारतीय टीम से मिली




शिकस्त के बाद इंग्लैंड के कप्तान ने बैजबॉल पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इसका मकसद एक खिलाड़ी को बेहतर बनाना है। स्टोक्स ने कहा, बैजबॉल नाम मीडिया ने दिया है। हर कोई कहता है कि यह क्या है? मेरी नजर में इसका मकसद एक बेहतर खिलाड़ी बनाना है। हार और असफलता के बावजूद उम्मीद है कि बैजबल लोगों को बेहतर खिलाड़ी बनने और हम जो हैं, उससे भी बेहतर बनने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत सी चीजें सही की हैं। धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहली पारी में इंग्लैंड ने 218 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 477 रन पर खत्म हुई थी। इस तरह टीम इंडिया को 259 रन की लीड मिली थी। इंग्लैंड की दूसरी पारी 195 रन पर सिमट गई और भारत ने पारी और 64 रन से जीत हासिल की। भारत के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लिश टीम का बल्लेबाजी क्रम ध्वस्त हो गया। इंग्लिश कप्तान ने जताई निराशा स्टोक्स ने कहा, हमें सीरीज में बेहतर टीम ने पछाड़ दिया। हमें आने वाले समय में काफी क्रिकेट खेलना (न्यूजीलैंड और पाकिस्तान सीरीज) है, जिसका हमें इंतजार है। जब आप इंडिया सीरीज को देखें तो हम छोटे-छोटे मोमेंट्स को बरकरार नहीं रख सके। हम सभी व्यक्तिगत रूप से जानते हैं कि गलती कहां हुई। हम इस सीरीज से पॉजिटिव लेकर जाएंगे। हैदराबाद के बाद भारत गेंद के साथ शीर्ष पर रहा और हम पर दबाव पड़ा। हमारे खिलाड़ियों को निपटने के तरीके ढूंढने होंगे और जोखिमों को लेने के लिए पर्याप्त सकारात्मक होने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में कभी-कभी नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्रॉली और डकेट ने अच्छी साझेदारियां कीं, बशीर और हार्टली पूरी सीरीज में असाधारण रहे। रूट का फॉर्म में आना हमारे लिए अच्छी बात है।

# रणजी फाइनल में 154 पर मुंबई को सातवां झटका, रहाणे और श्रेयस फिर फेल, शार्दुल जमे

**मुंबई।** पिछले कुछ महीनों में जिस टूनार्मेंट में खेलने को लेकर कई विवाद हुए, उसका फाइनल मुकाबला रविवार से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुरू हो चुका है। रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला 41 बार के चैंपियन मुंबई और दो बार के चैंपियन विदर्भ के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 167 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए हैं। फिलहाल तनुष कोटियान दो रन और शार्दुल ठाकुर 40 रन बनाकर क्रीज पर हैं। रहाणे और श्रेयस फिर फ्लॉप मुंबई की शुरूआत अच्छी रही। पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी ने पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को यश ठाकुर ने तोड़ा। उन्होंने भूपेन को



अक्षय के हाथों कैच कराया। वह 37 रन बना सके। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी को क्लीन बोल्ड किया।

वह 46 रन बना सके। इन दो विकेट के बाद तो विकेटों की झड़ी लग गई। मुशीर खान छह रन, कप्तान अजिंक्य रहाणे सात रन, श्रेयस अय्यर सात रन और हार्दिक तमोरे पांच रन बनाकर आउट हुए। शम्स मुलानी 13 रन बनाकर आउट हुए। टीम इंडिया में वापसी की कोशिश में जुटे रहाणे और श्रेयस फिर फ्लॉप रहे। यह दोनों तमिलनाडु के खिलाफ रणजी सेमीफाइनल में भी फ्लॉप रहे थे। ईशान और श्रेयस से नाराज बोर्ड रणजी को लेकर इस बार खूब बवाल हुआ है। कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के इस टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेने पर बीसीसीआई नाराज था। इनमें श्रेयस और ईशान किशन के नाम प्रमुख हैं। ईशान ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से ब्रेक लिया था, लेकिन वापस आकर रणजी में हिस्सा नहीं लिया। वह हार्दिक पांड्या के साथ बड़ौदा में आईपीएल की तैयारी में जुटे रहे। वहीं, श्रेयस को खराब फॉर्म की वजह से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दो टेस्ट मैचों के बाद टीम से निकाल दिया गया था। श्रेयस ने रणजी में दो मैच खेले हालांकि, टीम से निकलने के बाद भी वह रणजी खेलने नहीं पहुंचे और कमर में दर्द की शिकायत की। मुंबई के क्वार्टर फाइनल मैच के शुरू होने के बाद एनसीए की तरफ से बयान आया कि श्रेयस पूरी तरह फिट हैं और उन्हें किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। चोट का बहाना देकर श्रेयस आईपीएल में अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में पहुंचे थे। इससे बीसीसीआई और नाराज हो गया था। दोनों को बीसीसीआई के सालाना केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया गया।

# रालोद के युवा प्रदेश महासचिव दीपक त्यागी ने किया कैविनेट मंत्री अनिल कुमार का स्वागत

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आरएलडी के युवा प्रदेश महासचिव दीपक त्यागी ने अपने साथियों के साथ दुहाई बस स्टैंड पर नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर दीपक त्यागी ने कहा कि आरएलडी हमेशा से किसानों मजदूरों और कामगारों की लड़ाई लड़ता आया है। अब सरकार



में भागीदारी के साथ और अधिक जिम्मेदारी से काम करना होगा। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे।

# तीसरी बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

**पेरिस।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया। पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।

# यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक नहीं, बल्कि कोच राहुल द्रविड़ के लिए यह था सीरीज का सबसे खास पल



**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच जब टेस्ट सीरीज की शुरूआत हुई थी और टीम इंडिया को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 28 रन से हार मिली थी, तो रोहित शर्मा की कप्तानी की जमकर आलोचना हुई थी। तब बेन स्टोक्स को बेहतर कप्तान और 'बैजबॉल' को सबसे बेहतर रणनीति बताया गया था। हालांकि, जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ती गई और टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की, वैसे-वैसे बैजबॉल की रणनीति फिसड्डी साबित हुई। साथ ही रोहित हीरो और बेहतर कप्तान बनकर उभरे।

रोहित एंड कंपनी ने बैजबॉल को ध्वस्त कर दिया। इस जीत से सबसे ज्यादा खुश टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ नजर आए और पांचवें टेस्ट के बाद उन्होंने इस युवा टीम की जमकर तारीफ की। मैच के बाद उनसे टूनार्मेंट के सबसे खास पल के बारे में भी पूछा गया। हालांकि, द्रविड़ ने यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक को न चुनते हुए एक ऐसे पल को चुना जिसने वाकई बीसीसीआई के प्रति फैंस के प्यार को और बढ़ा दिया था।

### 'प्यारी टीम के साथ काम करने का मौका मिला'

मैच के बाद द्रविड़ ने कहा- मुझे एक प्यारी टीम के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। मैं हर समय उनसे कुछ न कुछ सीख रहा हूं। रोहित के साथ काम करना शानदार रहा है। मुझे लगता है कि वह शानदार कप्तान हैं और युवा खिलाड़ी उनकी तरफ आकर्षित होते हैं जो देखना शानदार है।' द्रविड़ ने कहा कि भारत ने सीरीज में जीत दर्ज की और टीम में कई शानदार लम्हें आए, लेकिन फैमिली इमरजेंसी से रविचंद्रन अश्विन की वापसी पूरे टूनार्मेंट का सबसे खास पल था।

### अश्विन घर लौटे थे

अश्विन को राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन पारिवारिक आपात स्थिति के कारण चेन्नई जाना पड़ा था, लेकिन अनुभवी ऑफ स्पिनर तीसरे टेस्ट के चौथे दिन एक्शन में वापस आ गए थे। भारतीय टीम के दरवाजे ईशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के लिए अब बंद करने की बात हो रही है क्योंकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेलने के बीसीसीआई के फरमान की अवहेलना की थी, लेकिन द्रविड़ ने इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा, 'रोहित और मैं प्लेइंग-11 का चयन कर रहे हैं। कई बार मैं यह भी नहीं जानता कि कौन अनुबंधित है और कौन नहीं। इसलिए कोई भी टीम इंडिया में आने के परिदृश्य से बाहर नहीं है।'

### कुलदीप को लेकर द्रविड़ का बयान

कुलदीप यादव ने रिस्ट स्पिन से कहर बरपाया और जरूरत पड़ने पर लोअर ऑर्डर में सूझबूझ वाली बल्लेबाजी भी की। कुलदीप में सुधार को देखकर द्रविड़ काफी खुश थे। उन्होंने कहा, 'कुलदीप यादव के लिए यह मुश्किल था। वह ऐसे समय में गेंदबाजी कर रहे हैं जब दो दिग्गज (अश्विन और रविंद्र जडेजा) टीम के लिए खेल रहे हैं। वह टीम में एक्स-फैक्टर लेकर आते हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी कड़ी मेहनत की है जो बोनस है।'

### शार्दुल ठाकुर खिचाया अपनी ओर ध्यान




भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने हाल ही में बड़े खिलाड़ियों से रणजी ट्रॉफी के व्यस्त कार्यक्रम पर ध्यान देने का आग्रह किया था, जो उन्होंने कहा था कि खिलाड़ियों पर बहुत दबाव डाल रहा है। इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ियों के विचारों पर जल्द से जल्द विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा- हमें खिलाड़ियों को सुनने की जरूरत है। वह खुद को रिस्क पर रखकर खेल रहे हैं। अगर वे व्यस्त कार्यक्रम की बात कर रहे हैं तो हमें देखना होगा कि घरेलू कार्यक्रम को बेहतर तरीके से कैसे मैनेज किया जाए।

मु०आ०सा० -1069/2022
धारा- 406,420 आई पी सी

**अभियुक्त व्यक्ति की उपसजाति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 अनुसूची 5, प्रपत्र संख्या 4 )
न्यायालय अपर मुख्यन्यायिक मजिस्ट्रेट
मजिस्ट्रेट कोटि जिला गाजियाबाद

चूंकि मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि रमाकान्त पाण्डय पुत्र रामचन्द्र पाण्डय जाति व्यवसाय R/O अमरपाली काला पत्थर निवासी टावर सी एच जी 3 थाना जिला गाजियाबाद सन्देशपुरम फ्लेट न० 3 ग्राउण्ड फलोर गाजियाबाद के अधीन दण्डनीय किया गया।

अपराध---- (1) है और तदूपरि निकले गये गिरफतारी अधिपत्र के किये जाने का संदेश किया जाता को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रमाकान्त पाण्डय को पाया नहीं जा सका है और चूंकि मुझ को समाधान प्रद रूप में यह संदर्शित दिया गया है अप-पलायन कर गया है। उक्त रमाकान्त पाण्डय पुत्र रामचन्द्र पाण्डय उक्त अधिपत्र की तामील से बचाने के लिए अपने को छिपा रहा है। अत्तएव एत्तद्द्वारा उद्धोषणा की जाती है कि रमाकान्त पाण्डय पुत्र रामचन्द्र पाण्डय निवासी काला पत्थर टावर सीएमजी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 3 इंदिरापुरम फ्लेट न० 3 ग्राउण्ड फलोर गाजियाबाद से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 16 मास 3 सन् 2024 ई० को इस न्यायालय में मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए उपस्थित हो।

**मजिस्ट्रेट**

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व विधायक अजीतपाल त्यागी ने ब्लॉक प्रमुख कक्ष का किया उद्घघाटन





**मुरादनगर करंट क्राइम।** प्रदेश के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व मुरादनगर क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी ने विकासखंड राजपुर की ब्लॉक प्रमुख के कक्ष का रिब्बन काट कर विधिवत रूप से उद्धघाटन किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है जनपद में भी बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराये जा रहे है। कार्यक्रम में बोलते हुए मुरादनगर क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का विकास हो रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करा रहे है प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो तक पहुंच रहा है और उनका विकास हो रहा है। इस अवसर पर धौलाना के विधायक धर्मेश तोमर ,भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ,जिला अधिकारी इंद्रविक्रम सिंह ,मुरादनगर ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ,राहुल चौधरी उर्फ डैनी मौजूद थे। राजपुर की ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी ने अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## पत्रकार एसोसिएशन ने किया होली मिलन समारोह











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पत्रकार एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में कवियों ने अपने काव्यपाठ से हास्य और श्रृंगार रंग बरसाया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया जगत के लोग शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

● गृहस्थी का सामान जलकर राख



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** देर रात को शार्ट सर्किट के चलते एक मकान में आग लग गई। घटना के समय परिवार के लोग एक शादी समारोह में शामिल होने मुजफ्फरनगर गए हुए थे। दमकल की गाड़ी ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पाया। आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। थानान्तर्गत गांव बिसोखर निवासी मनवीर सिंह परिवार सहित रहते हैं। वह दिल्ली एमसीडी में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी प्रमिला बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने मुजफ्फरनगर गई थी। मनवीर सिंह भी घर का ताला लगाकर चले गए। देर रात अचानक घर से धुआं निकलना शुरू हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर पड़ोस में रहने वाले लोग भी अपने अपने घरों से बाहर आ गए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर लाखों का नुकसान हुआ है। शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात सामने आ रही है। पुलिस आग लगने के कारण की जांच कर रही है। सुबह जब परिवार पहुंचा तो सारा घर जला देखकर हक्का बक्का रह गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। भोजपुर थानान्तर्गत फरीदनगर के 65 वर्षीय अख्तर मजदूर थे। वह कुछ सामान खरीदने के लिए सुबह बाइक से भोजपुर जा रहे थे। इस बीच जब फरीदनगर.भोजपुर मार्ग पर पहुंचे तो पीछे से ट्रक आ रहा था। ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और अख्तर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग उन्हें आनन.फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।




### साइकिल हाथ, हाथी बना ले चुनावी रण में आपको भी अपना साथी

अब इलेक्शन आ रहा है तो कई सियासी रिलेशन तय हो जायेगें। पुराने शिकवे भूल कर वो एक मंच पर नजर आयेगें। चुनाव है तो कई पॉलिटिकल डाइवोर्स भी हो जायेगें। अब देख लो हैंडपंप वालों को ऐसी जंप लगाई कि मिनिस्ट्री ले ली और फूल वालों के साथ हो गये। कल तक सरकार को कोस रहे थे और वो आज पार्ट ऑफ सरकार हो गये। दो लड़को की दोस्ती विधानसभा में हुई थी तो कांग्रेस के पास सात सीट आई थी। अब वो दो लड़को की दोस्ती वाली कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। हाथी एक सीट के साथ है और चुनावी रण में उसकी सूंड बाहर लेकिन पूछ अंदर नजर आ रही है। इसी बीच खबर ये आ रही है कि गठबंधन में एलीफेंट भी आयेगा। भगवा गढ़ वालों ने जब ये सुना तो उन्होने अपने सिर को ही धुना। उन्होने कहा कि पहले वो वोट कैलकुलेट कर लें। साईकिल हाथी और हैंडपंप मिलकर पिछला लोकसभा चुनाव लड़े थे। हाथ वाले अलग लड़े थे और इन चारों के वोट मिलाकर भी फूल वालों से कम ही पड़े थे। कहने वाले ने कहा कि ये भगवा गढ़ है मेरे भाई। यहां कमल का फूल चुनाव लड़ता है,कमल का फूल चुनाव लड़वाता है,कमल का फूल वोट मांगने जाता है और कमल का फूल ही वोट डालकर आता है। यहां फेस की कोई वैल्यू नही हैं यहा बेस ही कमल हैं और इसी बेस पर हर बार फूल खिल जाता है। देने वाले ने कूल मांईड से सलाह दी है कि अगर साईकिल हाथ वालों को लग रहा हो तो वो हाथी के साथ आप को भी अपना साथी बना लें। किसी के मन में मलाल नही रहना चाहिये कि ऐसा कर लेते तो फिर ऐसा हो जाता

### सुन बे ये शिकायत रख सहेज के और ऐसे पार्षद रहते हैं मेरी जेब में

किस्सा ताजे पार्किग ठेके दिये जाने के बाद का है और किस्से में फूल ही फूल बिखरे हुये हैं। कमाल ये है कि कमल वाले पार्षद चाहते हैं कि बात को ऑफ द रिकार्ड ही रखा जाये और बात शहर से लेकर वार्ड तक ना ही आये तो अच्छा। मेंबर साहब चाहते हैं कि वार्ड में विकास हो तो उसका निकास उनसे पूछ कर ही हो। ईमानदार पार्षद ने लिफाफे पकड़ लिये हैं तो नब्ज देने वालों ने पकड़ ली है। सिस्टम सेट करके चलने वालों ने तो बड़े वालों को सेट कर दिया तो फिर ये गली मौहल्ले की सियासत क्या चीज हैं। मेंबर चाहते थे कि मथंली सेट हो जाये और देने वाले ने कहा कि एक बार ले और निकल ले। सुना है कि मेंबर ने शिकायत की और जिसकी शिकायत की थी वो बड़े वाली भाजपा को ले आया। पहले तो मेंबर को प्यार से समझाया और फिर हिन्दी में बता दिया कि सुन बे ये शिकायत रख अपने पास सहेज के और सुन तेरे जैसे पार्षद रहते हैं मेरी जेब में। सुना है शिकायत भी सहेज ली गई हैं और जेब भी खाली ही रह गई है मेंबर की।

### ये है संयोग अब नहीं बनेगा यहां किसी का भी दर्जा प्राप्त वाला योग

ये भी एक संयोग ही है कि गाजियाबाद में दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की पॉवर निवास करती है। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गाजियाबाद से हैं और अब प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी गाजियाबाद से हैं। केंद्रीय मंत्री भी गाजियाबाद से हैं। इधर वैलकम का सीन चल रहा है और उधर कैलकुलेशन कुछ और ही चल रहा है। फूल वाले ने ही कह दिया कि अब आप इसे संयोग माने या योग माने लेकिन कई चेहरों के लिये सरकारी कृपा का वियोग हो रहा है। जिले में दो मंत्री हो गये तो अब किसी और के लिये दर्जा प्राप्त वाला योग नही बनेगा। इतना ही नही अब किसी चेहरे के लिये यहां आयोग वाला योग भी दूर ही हो गया है। दो मंत्रियों की कृपा वाला जिला मशहूर हो गया है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर वाहन ने बाइक सवार को कुचला

● एक की मौत, एक घायल

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी हैं।

दिल्ली साउथ की संजय विहार कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय विकास अपने दोस्त मोनू के साथ बाइक से सुबह साढे तीन बजे के आसपास दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे मार्ग से मेरठ से गाजियाबाद की और जा रहे थे। जब वह एक्सप्रेस-वे पर गांव कलछीना के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक सवार युवक उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार युवकों को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोनू की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी हैं।

# सब की बात न माना कर, खुद को भी पहचाना कर

## 'कवितायन' में 50 से अधिक रचनाकारों ने काव्य पाठ किया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्व. डा. कुंअर बेचैन के नेहरू नगर स्थित निवास कवितायन में महाकवि डॉ. कुँअर बेचैन फाउंडेशन की तरफ से भव्य काव्य गोष्ठी-2 का आयोजन किया गया। वरिष्ठ गजलकार गोविंद गुलशन की अध्यक्षता में 5 घंटे चली गोष्ठी में 50 से ज्यादा रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। विशेष अतिथि अंजू जैन, राज कौशिक, तारा गुप्ता, बीएल बत्रा, मीरा शलभ, राशिद असलम, शरद रायजादा और वंदना कुंअर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। गोष्ठी का संचालन कवयित्री ममता लड़ीवाल ने किया। गोविंद गुलशन, दीपक दीप, कुलदीप बरतरिया, रजनीश रजत, असलम राशिद, मनोज कामदेव, मृत्युंजय साधक, अंजू सुमन साधक, मीरा शलभ, प्रेम सागर प्रेम, बीएल बत्रा, इंद्रजीत सुकुमार, रजनीश त्यागी, राजीव सिंघल, ममता लड़ीवाल, तारा गुप्ता, शशि जैन, पीयूष कान्ति, मयंक राजेश, डी पी सिंह, अंजू जैन, सोनम यादव, निवेदिता शर्मा, अल्पना सुहासिनी, गार्गी कौशिक, राजेश श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, अमन दीप, ओंकार त्रिपाठी, राज कौशिक, आशीष प्रकाश, जगदीश मीणा, वंदना रायजादा और दुर्गेश अवस्थी ने काव्य पाठ किया। उमेश सक्सेना, हेमंत सक्सेना और अशोक यादव की भी उपस्थित रही। सभी कवियों ने अपने गीत, गजल, मुक्तक और दोहे सुनाकर काव्य गोष्ठी को विराट कवि सम्मेलन का रूप प्रदान कर दिया। अंत में डॉ. कुंअर बेचैन के इस गीत को सभी ने मिलकर गाया।

**अंत में डॉ. कुंअर बेचैन के इस गीत को सभी ने मिलकर गाया**

सब की बात न माना कर
खुद को भी पहचाना कर
दुनिया में जीना है तो,
कुछ अमृत पीना है तो
अपनी ओर निशाना कर।

संस्था के संरक्षक शरद रायजादा ने संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया और महाकवि डॉ. कुँअर बेचैन फाउंडेशन की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

## सरिया चोरी करते बदमाश को पकड़ा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर मलिक नगर कॉलोनी के सामने से सड़क पर रखा सरिया चोरी कर रहे एक युवक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसीपी ने बताया कि शनिवार रात को दिल्ली मेरठ मार्ग पर मलिक नगर कॉलोनी के सामने से एक युवक सड़क पर पड़ा सरिया चोरी कर रहा था। इसी बीच उसे चोरी करते हुए देख लिया और शोर मचा दिया। शोर सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने सरिया चोरी कर रहे युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दिलशाद निवासी मलिक नगर कॉलोनी बताया। इसके अलावा ईदगाह कॉलोनी निवासी फैजान व रिहान के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में जेल भेज दिया है।




### बहुतों को है आचार संहिता का इंतजार




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों सभी को आचार संहिता की घोषणा का वेट है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस और थानों के प्रभारियों से लेकर चौकी के प्रभारी के बीच आचार संहिता की तारीख ऐलान होने का वेट हो रहा है। पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि कुछ को दूसरों की खबर लेनी है, तो कुछ अपनी मजबूती के बारे में सोच रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों आचार संहिता के बाद छुट्टी की चर्चा भी जमकर हो रही है। सूत्र बताते हैं कि एसीपी साहब लोग छुट्टी के मामले में इन दिनों सबसे आगे चल रहे हैं। कभी सिटी में छुट्टी का दौर चल रहा है, तो कभी नदियापार और कभी देहात कुल मिलाकर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सुनने में आ रहा है कि अब किसी भी एसीपी पर कृपा वाला सीन नहीं होने वाला है। इसी के साथ शायद ही किसी के कार्यक्षेत्र में बदलाव वाला सीन भी देखने को मिले। यहां वर्तमान में जो फाइनल नाम है, वहीं चुनाव को पूरा करने के लिए अपनी ताकत लगाएंगे, ऐसा सूत्र बता रहे हैं। उधर बताया जा रहा है चुनावी आचार संहिता की घोषणा से पूर्व लाइन वाली जो मीटिंग हुई है उसमें भी सब कूछ ठीक ही रहा है। सुनने में आया है कि चुनाव को लेकर गाड़ियों पर नजर रखने के साथ ही प्रिवेंटिंग को लेकर पेंच कसें गए हैं। इसी के साथ बड़े साहब ने अधिकारियों को कहा है कि वह मजबूती से कार्य करने वरना उनको आना पड़ेगा। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट में आजकल दो एसीपी ऐसे हैं, जो कभी बाइट में सबको फाइट दें रहे हैं। इसी के साथ थानों का स्टाफ और कुछ एक्टिव मोड वाले पुलिसकर्मी यह जानने में लगे हुए हैं कि कब वो डेट आने वाली है जिसके बाद काफी सारे आदेशों व फैसलों को होल्ड कर लिया जाएगा। कुल मिलाकर आने वाली 15 तक वो डेट भी क्लियर हो जाएगी जिसके बाद तमाम सवालों के जवाब और मजबूती का अहसास हो जाएगा। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में तीन थ्री-स्टार ऐसे हैं जो अपनी विकेट को मजबूत बनाने के लिए अभी भी प्रयास कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के साथ ही खादी वालों को भी इसका पूरा इंतजार बताया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे 16 गांवों के लोग

● कूड़े का पहाड नहीं हटा तो 14 मार्च से ग्रामीण निकालगे पदयात्रा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डाले जाने का विरोध फिर से शुरू हो गया है। गांव भिक्कनपुर स्थित पेट्रोल पंप परिसर में डपिंग ग्राउंड संघर्ष समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। डंपिग ग्राउंड ना हटाने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने का एलान किया गया है। इसके अलावा दो सप्ताह तक 16 गांवों जागरुकता लाने के लिए पदयात्रा निकाली जाएगी। गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर भिक्कनपुर में डाला जा रहा है। कूडे.का पहाड बन गया है। कूड़े का पहाड हटाने को पिछले साल 16 गांवों के लोगों ने आंदोलन किया था। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच सहमति बनने पर आंदोलन स्थागित कर दिया गया था। रविवार को पाइप लाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर स्थित पेट्रोल पंप पर डपिंग ग्राउंड हटाओ संघर्ष समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद सिंह व संचालन सलेक भईया द्वारा किया गया। बैठक में कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने जो वादे किए है, वह अभी तक धरातल नहीं उतरे है। मांग पूरी करने को लेकर इस बीच दो बार सांसद व विधायक के अलावा नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी से मिलकर अवगत करा दिया गया है। बैठक में कहा गया कि नगर निगम के अधिकारी अपने वादे से पलट रहे है। सलेक भईया ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मत्ति से फैसला किया गया कि यदि जल्द डपिंग ग्राउंड नहीं हटाया गया तो लोकसभा चुनाव का 16 गांवों के लोग विरोध करेंगे। इसके अलावा एक कमेटी बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होने बताया कि 14 मार्च से लोगों में जागरुकता लाने के लिए एक पदयात्रा शुरू की जाएगी। पदयात्रा दो सप्ताह के अंदर 16 डंपिग ग्राउंड से प्रभावित 16 गांवों में जाएगी। इस दौरान प्रत्येक गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। जिस दिन पदयात्रा समाप्त होगी, उस दिन महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आरपार की लड़ाई का एलान किया जाएगा। इस मौके पर आजाद प्रमुख, शिवराज त्यागी, डॉ राजेंद्र कलकल, आकाश प्रधान, मिंटू प्रधान, रणधीर पहलवान, जोनी त्यागी, दक्ष नागर, प्रवीण त्यागी, सीताराम शर्मा, कृष्ण देव आर्य प्रधान, संदीप चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सर्वसम्मति से वसुंधरा जाट सभा का चयन, अध्यक्ष बने वीपी सिंह





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जाट सभा वसुंधरा की आमसभा में एक चयन समिति का गठन किया गया। जिसमें चौधरी सत्यवीर सिंह, वीरपाल मलिक, आर पी तोमर, वीपी सिंह, मोहन सिंह, हरेंद्र चौधरी, को समाज की बैठक करने के बाद कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी दी गई थी। चौधरी सत्यवीर सिंह ने वीरपाल मलिक को चुनाव कार्यवाही संचालन की जिम्मेदारी दी। वीरपाल मलिक ने एक-एक करके सभी पदाधिकारी के नाम का प्रस्ताव क्या रखा जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चौधरी वीपी सिंह, उपाध्यक्ष आरपी सिंह तोमर, महासचिव नितिन अत्री, संयुक्त सचिव हरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष पद मनोज, कोषाध्यक्ष प्रदीप तालियान, लेखा परीक्षक विनीत के नाम को सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। प्रबंध कार्य समिति के 24 सदस्यों का भी निर्विरोध रूप से चयन हुआ। इस अवसर पर जाट समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के रूप में पार्षद हिमांशु चौधरी, चौधरी लेखराज सिंह, राजेश चौधरी, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, हंस वीर, चौधरी जगबीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष सेंसेर पाल सिंह, सुनील कुमार चौधरी, सुमित चौधरी, अमित चौधरी, मोहन सिंह, वीरेंद्र चौधरी, दीपक दहिया आदि लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन एनजीओ ने किया भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन एनजीओ द्वारा पांचवा विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, कार्यकारिणी सदस्य पिंटू तोमर इंदिरापुरम मण्डल अध्यक्ष हरमीत बक्शी मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी, संजीव गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष नवनीत मित्तल, पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता, अजय गुप्ता जी, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद संजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला महामंत्री उमाशंकर तोमर, उपाध्यक्ष भाई दिनेश सिंह, मंत्री मनोज डागा मंत्री प्रशांत राघव, महामंत्री पूजा तिवारी, पूनम बंसल आदि लोग भंडारे में उपस्थित रहे। एनजीओ की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने कहां की एनजीओ द्वारा पांचवा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद लिया हम समय समय पर गरीब लोगों की सहायता करते है। एनजीओ का उद्देश्य सिर्फ यही है कि असहाय लोगों की मदद की जाए।

## एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस में शिकायत

### सांप तस्करी की एफआईआर कराने वाले दो भाइयों को धमकाने का है आरोप



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम में एल्विश यादव के खिलाफ आई शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। बिग बॉस ओटीटी विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस में रविवार को एक शिकायत की गई है। इसमें एल्विश यादव पर मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल से जुड़े दो पदाधिकारियों को खुले तौर पर धमकाने का आरोप लगाया है।

2 नवंबर 2023 को नोएडा पुलिस, वन विभाग और पीपल्स फॉर एनिमल की जॉइंट टीम ने स्नेक वैगन की तस्करी करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 5 सपेरों को गिरफ्तार किया था। इसमें एल्विश यादव का भी नाम सामने आया था। एल्विश समेत अन्य लोगों के खिलाफ नोएडा पुलिस में एफआईआर दर्ज भी हुई थी। गाजियाबाद की राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले पीपल्स फॉर एनिमल के पदाधिकारी गौरव गुप्ता का कहना है कि इस मुकदमे के बाद से एलविश यादव और उसके समर्थक उन्हें व भाई सौरभ गुप्ता को लगातार धमकियां दे रहे हैं।

## गौमाता आन्दोलन समिति ने गौ हत्याबंदी के लिए ज्ञापन एसडीएम को दिया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आन्दोलन समिति के तत्वाधान में गौमाता राष्ट्रमाता घोषित कराने एवं संपूर्ण भारतवर्ष में गौ-हत्या बंद कराने का उददेश्य लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया गया।

# बाइडेन बोले- नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहे

## उन्हें अपने देश की रक्षा करने का अधिकार, लेकिन एक रेड लाइन होना बेहद जरूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडेन ने अमेरिकी मीडिया MSNBC को दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहा- गाजा में जंग के लिए नेतन्याहू का नजरिया इजराइल की मदद करने से ज्यादा इजराइल को नुकसान पहुंचा रहा है। नेतन्याहू को इजराइल की रक्षा करने का अधिकार है। हमास के खात्मे का भी अधिकार है, लेकिन उन्हें गाजा में मारे जा रहे निर्दोष फिलिस्तीनियों की जिंदगी पर भी ध्यान देना चाहिए। एक रेड लाइन होनी चाहिए। ऐसे ही 30 हजार लोगों की जान नहीं ली जा सकती।



### बाइडेन ने कहा- इजराइल का साथ नहीं छोड़ेंगे

इजराइल-हमास जंग में अमेरिका शुरूआत से इजराइल के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन जंग में इजराइल की हर संभव मदद करते आए हैं। यह पहली बार है जब बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बोला है। हालांकि, बाइडेन हमेशा से गाजा में रह रहे लोगों की सुरक्षा और वहां मदद पहुंचाने के पक्ष में रहे हैं। जंग में रेड लाइन होने का जिक्र करते हुए बाइडेन ने कहा- लोगों की सुरक्षा अहम है। हालांकि हम कभी भी इजराइल का साथ नहीं छोड़ेंगे। हमारे लिए इजराइल की रक्षा अब भी जरूरी है।

### 5 महीने से जारी इजराइल-हमास जंग

हमास संगठन ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर रॉकेट दागे थे। 1200 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद इजराइल ने हमास के खात्मे के लिए गाजा पर हमला कर दिया था। तब से दोनों के बीच जंग जारी है। 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा की पूरी आबादी भुखमरी की कगार पर है। अमेरिका ने चार इजराइली नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन लोगों पर वेस्ट बैंक में रह रहे फिलिस्तीनियों पर हमला करने के आरोप हैं। ये प्रतिबंध इन लोगों को अमेरिकी संपत्ति और अमेरिकी फाइनैंशियल सिस्टम तक पहुंचने से रोकते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दिसंबर में एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इसमें कहा गया था कि हमास के आतंकियों ने महिलाओं के साथ रेप किया। रिपोर्ट में किबुत्ज बीरी की तीन महिलाओं का जिक्र था। जब इन महिलाओं के बारे में प्रशासन से पूछा गया तो एक अधिकारी ने कहा कि तीनों को सिर्फ गोली मारी गई थी। उनका शारीरिक शोषण नहीं हुआ था। 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग को लेकर यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी काउंसिल में 20 फरवरी को बैठक हुई थी। इसमें अमेरिका ने गाजा में फौरन सीजफायर किए जाने वाला प्रस्ताव खारिज कर दिया था। अमेरिका ने यूएन में तीसरी बार वीटो पावर का इस्तेमाल करते हुए सीजफायर प्रस्ताव खारिज किया था। इसके पहले अमेरिका ने दिसंबर में पेश किए गए सीजफायर प्रस्ताव को भी खारिज किया था।

### अमेरिका ने वीटो क्यों लगाया था...

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा- इस प्रस्ताव से अमेरिका, मिस्र, इजरायल और कतर के बीच फिलिस्तीनियों की सुरक्षा को लकर हो रही बातचीत खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा- फौरन सीजफायर से बंधकों की रिहाई खतरें में पड़ जाएगी। बंधकों को रिहा करने के लिए हमास के साथ समझौते की जरूरत है। बिना शर्त युद्धविराम की मांग करना स्थायी शांति नहीं लाएगा। ये जंग को बढ़ सकता है। इसलिए हम वीटो लगा रहे हैं। दरअसल, 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमलों में हमास आतंकी करीब 234 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। इसके बाद से बंधकों की रिहाई को लेकर इजराइल में प्रदर्शन हो रहे हैं। 24 नवंबर से 30 नवंबर तक सीजफायर हुआ था। हमास और इजराइली सेना ने 7 दिनों के लिए हमले रोके थे। तब 107 बंधकों को रिहा किया गया था।

# 10 की मौत-हजारों बेघर, बाढ़-बारिश ने इंडोनेशिया में मचाई भारी तबाही



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन हो गया। घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख डोनी युसरीजल ने कहा कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए।

इसके बाद कई तट टूट गए और पश्चिम सुमात्रा प्रांत के पेसिसिर सेलाटन जिले में पहाड़ी गांवों में बाढ़ आ गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता युसरीजल ने कहा कि बचावकर्मियों ने सबसे अधिक प्रभावित गांव कोतो कतारुसान में सात शव निकाले और पड़ोसी गांवों में तीन अन्य शव बरामद किए। दस लोग अभी भी लापता हैं।

### 46000 लोग अस्थायी सरकारी आश्रय में जाने को मजबूर

आपदा प्रबंधन के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 14 घर दब गए, जबकि 20,000 घरों की छत तक पानी भर गया, जिससे 46,000 लोगों को अस्थायी सरकारी आश्रय में जाने को मजबूर होना पड़ा। युसरीजल ने कहा, मृतकों और लापता लोगों के लिए राहत प्रयासों में बिजली, कीचड़ और मलबे से ढकी सड़कें अवरुद्ध पैदा कर रही हैं।

# पेशावर में विस्फोटक ले जाने के दौरान हुए धमाके में दो लोगों की मौत, एक घायल : अधिकारी

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक मोटरसाइकिल से विस्फोटक ले जाए जाने के दौरान हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना नसीर बाग रोड के बोर्ड बाजार में हुई। शवों और घायल व्यक्ति को खैबर टीचिंग हॉस्पिटल ले जाया गया।



इससे पहले, पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि यह एक आत्मघाती विस्फोट है। हालांकि, बाद में पुलिस अधीक्षक (अभियान) काशिफ आफताब अब्बासी ने पुष्टि की कि यह विस्फोट उस वक्त हुआ जब तीन लोग एक मोटरसाइकिल से विस्फोटक एक अन्य स्थान पर ले जा रहे थे। अब्बासी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते की रिपोर्ट से पता चला है कि यह आत्मघाती विस्फोट नहीं था। उन्होंने बताया, विस्फोटकों को ले जाने के दौरान विस्फोट हुआ। तीन लोग विस्फोटक लेकर जा रहे थे जिनमें से दो की विस्फोट में मौत हो गयी और एक व्यक्ति घायल है।

खैबर टीचिंग हॉस्पिटल के प्रवक्ता सज्जाद खान ने बताया कि घायल की हालत बहुत गंभीर है और उसका उपचार किया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने पुलिस से घटना की एक रिपोर्ट मांगी है। बोर्ड बाजार पेशावर में एक भीड़भाड़ वाली सड़क है जहां अक्सर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। विस्फोट के वक्त वाहनों की संख्या ज्यादा नहीं थी।

# यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमले में किशोर समेत दो लोगों की मौत





**यूक्रेन।** यूक्रेन पर रूस के हवाई हमले में शनिवार को एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, रूस ने यूक्रेनी युद्धक विमान और विभिन्न प्रांतों में कई ड्रोन को नष्ट करने का दावा किया।

यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब रूस युद्ध में बढ़त हासिल कर रहा है जबकि यूक्रेन को कथित तौर पर सैन्य साजो-सामान की कमी का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन के निप्रोपेट्रोवस्क प्रांत के गवर्नर एस. लइसाक ने कहा कि चेवोनीरिहोरिव्का शहर में हुए हमले में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि 22 वर्षीय युवक घायल हो गया।

इसके अलावा, दोनेत्स्क प्रांत में हुए हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके बलों ने यूक्रेन की सीमा से लगे रोस्तोव क्षेत्र में 41 ड्रोन को नष्ट कर दिया। इसने कहा कि अन्य दो प्रांतों में भी पांच ड्रोन को नष्ट किया गया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वायु सेना ने पोक्रोव्स्क के ऊपर एक यूक्रेनी मिग-29 लड़ाकू विमान को नष्ट कर दिया है।

# गाजा में खूनी जंग जारी, फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर हुआ 30,960



**गाजा।** गाजा पर जारी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच गाजा में इजराइली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा सामने आया है। बताया जा रहा है, यह आंकड़ा बढ़कर 30,960 हो गया है। तो वहीं घायलों की संख्या भी बढ़कर 72,524 हो गई है।

### पिछले 24 घंटों में 82 फिलिस्तीनियों की मौत

मंत्रालय ने शनिवार ( 9 मार्च ) को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली सेना ने 82 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 122 को घायल कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है, कि भारी बमबारी और नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के बीच कुछ मृतक मलबे में दबे हुए हैं।

फिलिस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि शुक्रवार ( 8 मार्च ) रात से गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमलों में दर्जनों फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें अधिकांश बच्चे और महिलाएं हैं।

### इन शहरों के घरों को बनाया निशाना

रिपोर्ट में कहा गया है, कि दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस और राफा शहरों में कई घरों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमलों में 23 लोग मारे गए हैं।

# समंदर के बाद अब जमीन पर चीन को घेरने की तैयारी, भारत के कदम से बिलबिलाया ड्रैगन

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख की सीमा पर कई सालों से जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच भारत ने चीन की हरकतों को देखते हुए और सैनिकों की तैनाती का फैसला लिया है। हालांकि चीन को ये पसंद नहीं आ रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि विवादित सीमा पर और सैनिक तैनात करने का भारत का कदम तनाव कम करने के लिए अनुकूल नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए अपनी पश्चिमी सीमा से हटाकर 10,000 सैनिकों को उत्तरी सीमा के नजदीक तैनात कर दिया है। भारत के इस रणनीतिक कदम से चीन भड़का हुआ है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा, हम भारत के साथ मिलकर सीमा और उसके आसपास के क्षेत्रों में शांति और स्थिरता के लिए काम करने को तैयार हैं। LAC को लेकर भारत के कदम शांति स्थापित करने के पक्ष में नहीं है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजी निग ने आगे कहा, चीन सीमावर्ती क्षेत्रों की शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए भारत के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम मानते हैं कि भारत का कदम शांति की रक्षा के लिए अनुकूल नहीं है और तनाव कम करने के लिए भी ठीक नहीं है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, ये सैनिक उन 9,000 सैनिकों को जॉइन करेंगे, जो पहले से ही इन राज्यों में भारत-चीन सीमा की 532 किलोमीटर की सीमा पर तैनात हैं। इस क्षेत्र में भारत के कुछ पवित्र हिंदू धार्मिक स्थल भी आते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से चल रहे सीमा विवाद पर कहा था कि भारत पर बुरी नजर डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हम तैयार हैं।

एक तरफ भारत जमीन पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है तो दूसरी ओर समंदर में भी वह चीन को घेरने की कोशिश में लगा है। भारत ने लक्षद्वीप में अपने INS जटायु को एक्टिव किया है, जो भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति का एक जरूरी हिस्सा है, वो भी ऐसे वक्त में जब चीन लगातार हिंद महासागर में दबदबा बढ़ाने की कोशिशों में लगा है। साथ ही भारतीय नौसेना ने कोच्चि में अपने पहले MH-60फमल्टी-रोल हेलीकॉप्टर स्क्वॉड्रन इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन 334 को शुरू कर दिया है।

### कहां तैनात किए 10 हजार सैनिक

वहीं भारत ने हिमालय से लगे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में चीन के साथ सटी 532 किमी (331 मील) सीमा की रक्षा के लिए अपने पश्चिमी सीमा से 10,000 सैनिकों को तैनात किया है। इस कदम से भड़के चीन ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत की सैन्य तैनाती में बढ़ोतरी से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिति को शांत करने या इन क्षेत्रों में शाति और सुरक्षा कायम रखने में मदद नहीं मिलती है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी का एक बयान उस समय आया है, जब भारत-चीन सीमा पर दबाव बढ़ा रहा है। वांग यी ने कहा कि समुद्री विवादों पर, चीन संयम बरत रहा है। चीन अपनी रक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई करेगा। ऐसे में भारत ने भी अपनी पश्चिमी सीमा से लेकर भारतीय राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारत-तिब्बत सीमा तक 10,000 सैनिकों को फिर से तैनात किया है।

# शी चिनफिंग ने जरदारी को दी पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने पर शुभकामनाएं

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति चुने जाने पर आसिफ अली जरदारी को रविवार को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच फौलाद जैसी मित्रता इतिहास की पसंद है और विश्व में मौजूदा बदलाव के मद्देनजर इन संबंधों का रणनीतिक महत्व और बढ़ गया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को देश के 14वें राष्ट्रपति चुने गए और देश में दूसरी बार इस पद पर पहुंचने वाले पहले असैन्य व्यक्ति हैं। इससे पहले, वह 2008 से 2013 तक इस पद रहे थे। जरदारी(68) पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार थे।




सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने जरदारी को भेजे अपने संदेश में कहा, चीन और पाकिस्तान अच्छे पड़ोसी, अच्छे दोस्त, अच्छे साझेदार और अच्छे भाई हैं। दोनों देशों की फौलाद जैसी दोस्ती इतिहास की पसंद और दोनों के लिए एक अनमोल खजाना है। उन्होंने कहा, दोनों देशों ने हाल के वर्षों में करीबी उच्च स्तरीय आदान-प्रदान बनाए रखा है, अपने मूल हितों और प्रमुख चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का समर्थन किया है, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के निर्माण में सार्थक परिणाम प्राप्त किए हैं और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है।

भारत ने चीन के शिनजियांग को बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से जोड़ने वाले 60 अरब अमेरिकी डॉलर के सीपीईसी को लेकर आपत्ति जताई है क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है। शी ने अपने संदेश में कहा कि चूंकि दुनिया तेजी से हो रहे ऐसे परिवर्तनों से गुजर रही है, जो पहले कभी नहीं देखे गए, ऐसे में चीन-पाकिस्तान संबंधों का रणनीतिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि वह चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास का बहुत सम्मान करते हैं और चीन एवं पाकिस्तान के बीच पारंपरिक दोस्ती को और मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग बढ़ाने, चीन एवं पाकिस्तान के बीच सर्वकालिक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा नए युग में साझा भविष्य के साथ और भी घनिष्ठ संबंधों वाले चीन-पाकिस्तान समुदाय के निर्माण को तेज करने की दिशा में जरदारी के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले शी ने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी थी।

# पाकिस्तान पर डबल स्ट्राइक, भारत के कदम से बिलबिला उठी शरीफ हुकूमत

**इस्लामाबाद।** भारत ने अफगानिस्तान के जरिये पाकिस्तान को घेरने की पूरी रणनीति तैयार कर ली है। चाबहार पोर्ट पर तालिबान को साथ लाने के बाद अब भारत अफगानिस्तान के जरिये पाकिस्तान पर एक और प्रहार की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि कंधार में भारत वाणिज्य दूतावास खोल सकता है। इस खबर से पाकिस्तान को मिर्ची लग गई है।



### भारत के कदम से पाकिस्तान को झटका

4 दिन पहले पाकिस्तान की सत्ता संभालने वाले शहबाज शरीफ बीते 24 घंटे में भारत के इस संभावित कदम से बेचैन हैं। मानवीय मदद देकर अफगानिस्तान के लोगों के दिल में जगह बना चुके भारत ने पहले तालिबान के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग के कुछ ही घंटे बाद इसका नतीजा भी दिखने लगा। पहले तालिबान चाबहार पर पाकिस्तान के धार्मिक कार्ड को खारिज कर हिंदुस्तान के साथ आया। तो अब भारत कंधार में अपना वाणिज्य दूतावास खोल सकता है।

### कंधार में वाणिज्य दूतावास खोल सकता है भारत

भारतीय प्रतिनिधिमंडल की तालिबानी विदेश मंत्री अमीर खान मोत्ताकी से मुलाकात के बाद से पाकिस्तान को मिर्ची लगी है। अटकलें हैं कि भारत अफगानिस्तान में महावाणिज्यिक दूतावास खोल सकता है। ये वाणिज्य दूतावास अफगानिस्तान के कंधार में खुल सकता है। अफगानी शहर कंधार से भारत के रिश्ते महाभारत कालीन के बताए जाते हैं। याद दिला दें कि 1999 में भारतीय विमान को हाईजैक कर यहीं लाया गया था।

पाकिस्तान, भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर जासूसी और सरकार विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन भारत का मिशन और विजन तो इन सबसे परे हैं। वो कंधार में वाणिज्य दूतावास खोलकर अफगानिस्तान के कारोबारियों की मदद के साथ-साथ उसके साथ व्यापार को बढ़ाना चाहता है। कंधार में वाणिज्य दूतावास खुलने से भारत अफगानिस्तान के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अफगान नागरिकों और कारोबारियों के लिए भारतीय वीजा लेना आसान हो जाएगा। दरअसल, भारत ने जी-4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया है। इसमें मौजूदा 15 सदस्यों वाले सुरक्षा परिषद की संख्या 25 से 26 तक बढ़ाने की मांग की गई है। इसमें 6 स्थायी सदस्य और चार से पांच अस्थायी सदस्य जोड़ने की बात है। साथ ही नए सदस्यों को लोकतांत्रिक तरीके से चुनने के अलावा वीटो में लचीले रूख की भी वकालत की गई है। लेकिन हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान भारत के प्रस्ताव के खिलाफ उतर आया। उसने सुरक्षा परिषद में सुधार के इस मॉडल को खारिज कर दिया है। इसके अलावा कहा कि स्थायी सदस्यों का कोई भी विस्तार सिक्योरिटी काउंसिल को पंगु बना देगा।

### बिलबिला उठा पाकिस्तान

अब यहां भारत वाणिज्य दूतावास खोलकर एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी में है। क्योंकि रणनीतिक तौर पर इस शहर की अहमियत काफी ज्यादा है। पाकिस्तान की सीमा से इस शहर की दूरी 400 किलोमीटर से भी कम है। यहां भारत की मौजदूगी की खबर से ही पाकिस्तानी हुक्मरान और सेना परेशान है। पाकिस्तान के लिए ये एक बड़ा झटका है। आपको बता दें कि पहले भी पाकिस्तान, कंधार और जलालाबाद में भारतीय वाणिज्य दूतावासों की मौजूदगी पर आपत्ति जताता रहा है।

### भारत और तालिबान के बीच बढ़ती करीबी

क्योंकि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से भारत ने अफगान नागरिकों को वीजा जारी करना बंद कर दिया था। लेकिन अब काबुल के साथ सकारात्मक और मानवीय रिश्तों को बढ़ाने वाले संबंध स्थापित किए जा रहे हैं। भारत और तालिबान के बीच बढ़ती करीबी से पाकिस्तान कितना बौखला गया है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वो अपने इस करीबी के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र तक पहुंच गया। पाकिस्तान ने एक बार फिर यूएन में भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध किया है।

# यूएनएससी में भारत ने दिया जी-4 मॉडल, क्या है ये फॉमूर्ला, दुनिया को माननी ही होगी हमारी बात

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बड़ा बयान दिया है। सुरक्षा परिषद में सुधार पर चर्चा के दौरान, भारत की नेतृत्व क्षमता के बारे में बताया। रुचिरा ने कहा, 'सुरक्षा परिषद में सुधार अहम मसला है। आप अच्छी तरह जानते हैं कि 1990 के दशक की शुरूआत से इस पर चर्चा हो रही है। 2000 में मिलेनियम शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने सुरक्षा परिषद के सभी पहलुओं में व्यापक सुधार करने के प्रयासों को तेज करने का संकल्प लिया था। करीब एक चौथाई सदी बीत चुकी है। दुनिया और हमारी आने वाली पीढ़ियां अब और इंतजार नहीं कर सकतीं।'

भारतीय अधिकारी ने वैश्विक नेताओं को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा, 'आखिर हमें और कितने समय तक इंतजार करना चाहिए? इस साल सितंबर में भविष्य का शिखर सम्मेलन और अगले साल संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ दोनों एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर हैं। उन आयोजनों को सफल बनाने के लिए हमें ठोस प्रगति करने का लक्ष्य रखना चाहिए।'

### 'खत्म हो जाएगी यूएनएसी की प्राथमिकता'

भारतीय अधिकारी ने कहा, 'हमें युवा और भावी पीढ़ियों की आवाज पर ध्यान देते हुए सुरक्षा परिषद में सुधारों को तेजी से लागू करना चाहिए। खासकर अफ्रीका और अन्य जगहों में जहां ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने की मांग और तेज हुई है। सभी जगह खास ध्यान देने की जरूरत है। वरना वो दिन दूर नहीं, जब हम सभी सुरक्षा परिषद को गुमनामी और अप्रासंगिकता के रास्ते पर भेजने की दिशा में कदम उठा लेंगे।'

### भारत ने पेश किया 'G4 मॉडल'

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में त्वरित सुधारों के लिए जी-4 मॉडल पेश किया। उसके बारे में बताते हुए रुचिरा ने कहा, 'यूएन में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जी4 मॉडल का प्रस्ताव है कि 6 स्थायी और चार या पांच गैर-स्थायी सदस्यों को जोड़कर सुरक्षा परिषद की सदस्यता को मौजूदा 15 से बढ़कर 25 किया जाए। वठरउ में 2 अफ्रीकी देशों और दो एशियाई देशों, एक लातिन अमेरिकी और एक कैरेबियाई और पश्चिमी यूरोपीय देश को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।

### भारत का कड़ा रुख

भारत ने अब और देरी को रोकने के लिए अपना रुख कड़ा किया है। गौरतलब है कि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस को भी भारत की पमार्नेंट सीट से कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन अकेले चीन इसमें अड़ंगा डाल रहा है। यूरोप के कई देश भारत को स्थाई सीट देने का समर्थन करते हैं। अरबपति एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया है।

# युवाओं को करना चाहिए पूर्वजों का सम्मान: नरेंद्र कश्यप

## सेक्टर- 23 स्थित महर्षि कश्यप पार्क में किया महर्षि कश्यप की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि महर्षि कश्यप ने सदैव समाज और गरीब वर्ग के लिए मार्ग दिखाने का काम किया है। साथ ही समाज को एकता, अखंडता और कल्याण मार्ग पर लाने का योगदान भी उन्हीं का है। रविवार को सेक्टर-23 स्थित महर्षि कश्यप पार्क में महर्षि कश्यप की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण कार्यक्रम था। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ एवं मंत्रोउच्चारण के साथ हुआ।

इसके बाद मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी के साथ मूर्ति का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही इस दौरान भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नेता, अधिकारी, पत्रकार और कश्यप समाज के लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। विधि विधान से हुआ पूरा कार्यक्रम कार्यक्रम में सर्व समाज की उपस्थिति देखने को मिली।

इस दौरान भाजपा के तमाम विधायक, नेता एवं महा नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महंत नारायण गिरी, डॉ उदिता त्यागी, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग, ओबीसी मोर्चा और कश्यप समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही। सभी ने महर्षि कश्यप की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए




कश्यप समाज के लिए इसे एक महत्वपूर्ण योगदान बताया है। आए अतिथियों का किया नरेंद्र कश्यप ने स्वागत, कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब नरेंद्र कश्यप का सरल स्वभाव और अपने लोगों को साथ लेकर चलने का जो अंदाज है वह किसी से छुपा नहीं है। रविवार को महर्षि कश्यप की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान भी उनका यही अंदाज सबको प्रभावित कर रहा था। कार्यक्रम में आए अपने साथियों, पार्टी के प्रमुख नेताओं विधायक एवं आसपास के गणमान्य लोगों का उन्होंने खुद व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों को भगवा पटाखा पहनाने के साथ ही पुष्प कुछ भी भेंट किए। इस दौरान सभी ने नरेंद्र कश्यप की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनके इस योगदान की सराहना की।

### मूर्ति है भव्य, रोशनी से जगमग होगा पार्क

(करंट क्राइम)। महर्षि कश्यप पार्क का निर्माण एवं सौंदर्य करण पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया है। साथ ही यहां जो मूर्ति लगाई गई है वह काफी विशाल और संगमरमर के पत्थर से सुसज्जित है। जो दूर से काफी आकर्षित कर रही है। पार्क में बाकायदा फुटपाथ बनाने के साथ ही यहां रोशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पार्क में फुलवारी और हरियाली को भी बढ़ावा देने के लिए पेड़ पौधे रोपे गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र का कहना है कि जिस प्रकार की यहां भगवान महर्षि कश्यप की मूर्ति स्थापित की गई है ऐसी मूर्ति आसपास के जनपदों में देखने को नहीं मिलेगी।

### पर्यावरण विभाग ने एक करोड़ 38 हजार से बनाया है पार्क

(करंट क्राइम)। महर्षि कश्यप पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से किया गया है। इसके निर्माण में कुल एक करोड़ 38 हजार रुपए खर्च किया गया है। खास बात यह है कि पार्क को बहुत ही हरा भरा और व्यवस्थित बनाया गया है। साथ ही यहां लाइट के साथ ही लोगों के बैठने और झूलों की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अजीत त्यागी विधायक, विधायक अतुल गर्ग, अध्यक्ष संजीव शर्मा, सुशील गौतम ,जगदीश साधना ,बलदेव राज शर्मा, रामकुमार कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, उदिता त्यागी ,मनीराम कश्यप, मुकेश कश्यप, जीतपाल कश्यप, वीके अग्रवाल,अनिल स्वामी, डॉ सागर कश्यप, अमर दत्त शर्मा, विष्णु कश्यप,राहुल कश्यप ,विशाल कश्यप, अर्पण कश्यप, विकास सिंह, राजेंद्र तितोरिया, शिवम शर्मा ,पप्पू नागर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### महर्षि कश्यप ने सदैव दूसरों का हित सोचा : नरेंद्र कश्यप

(करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का कहना है कि महर्षि कश्यप ने सदैव दूसरों का हित सोचा है और समाज के लिए कार्य किया है। तभी उनका योगदान आज भी याद किया जाता है, उनको बुलाया नहीं जा सकता है।



### मोदी योगी पर हर वर्ग दिखा रहा है विश्वास

(करंट क्राइम)। महर्षि कश्यप की मूर्ति अनावरण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हर कोई विश्वास जाता रहा है। दोनों की कल्याणकारी योजनाएं और जनता के लिए सदैव हित की बात सोचने का जो कार्य है उसे जान-जान में विश्वास बढ़ रहा है। इसी के साथ जिस तरीके से उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सशक्त सरकार काम कर रही है, उसे साफ है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटे जीतकर फिर से जीत की हैट्रिक लगाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में विशेष योगदान देगी। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि सरकार गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग ,महिलाओं से लेकर युवाओं और बेरोजगारों से लेकर व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रख रही है।

## डम्पिंग ग्राउंड हटाओ अभियान के तहत पुनः आन्दोलन शुरू करने को बुलाई बैठक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास संघर्ष समिति एवं डम्पिंग ग्राउंड हटाओ समिति के संयुक्त तत्वावधान में 16 गांवों के प्रतिनिधियों की एक बैठक डम्पिग ग पाइप लाइन रोड पैट्रोल पम्प पर हुई। बैठक में समिति के सचिव सलेक भइया ने बताया कि गत 31 दिसम्बर को ग्रामीण पंचायत और नगर निगम गाजियाबाद के साथ हुई समझौता वार्ता में बनी सहमति एवं नगरायुक्त के लिखित आश्वासन के बाद आन्दोलन को 31 मार्च 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

आज तक किसी भी बिन्दु पर धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया, जबकि इस सन्दर्भ में अर्थात नगर निगम द्वारा की जा रही वादाखिलाफी के सम्बन्ध में ग्रामीणों के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के द्वारा अब तक दो बार जनप्रतिनिधियों सांसद,विधायक मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, नगरायुक्त से मिलकर लिखित में अवगत कराया जा चुका है ,साथ ही पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री, एवं मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भी अवगत कराया जा चुका है। सभी अधिकारियों से केवल आश्वासन ही मिला,



धरातल पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है जिससे ग्रामीण जनता में भारी आक्रोश है, एवं ग्रामीण जनता ने पुनः आन्दोलन करने का मन बना लिया है तथा आगामी चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

सचिव ने बताया कि जन जागरण अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष आजाद प्रमुख ने की। बैठक में शिवराज त्यागी, डा. राजेंद्र कलकल, आकाश प्रधान, मिंटू प्रधान, रणधीर पहलवान,जोनी त्यागी,दक्ष नागर,मां प्रवीण त्यागी, सीताराम शर्मा, कृष्ण देव आर्य प्रधान, संदीप चौधरी, सुमित आर्य, छत्रपाल सिंह, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## राष्ट्रवादी जनसत्ता दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 19 सीटों पर उतारेगा प्रत्याशी : डॉ. बीपी त्यागी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी व उत्तर प्रदेश महासचिव डॉ. बीपी त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रवादी जनसत्ता दल आगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 19 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा।

उन्होंने बताया कि गांव गांव में उनके दल की चौपाल की ओर से फर्स्ट एड सेंटर खोले जाएंगे। नरेंद्र त्यागी संस्थापक सदस्य ने जानकारी दी कि 817 गांव में प्रभारी तथा सह प्रभारी बनाये जाएंगे।

डा. बीपी त्यागी ने बताया कि एक जिले में 13 प्रकोष्ठ बनाये गये हैं। बीपी त्यागी ने जानकारी दी कि एससीएसटी मोर्चा भी गठित कर दिया गया है जिसका क्षेत्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह गौतम को बनाया गया है। इस अवसर पर सभी जिलों के अध्यक्ष अपने




कार्यकर्ताओं व सभी विंग के अध्यक्षों के साथ उपस्थित हुए । सबने अपने अपने कार्यक्षेत्र में जमीनी लेवल पर हो रहे कार्य के बारे में बताया । पार्टीकी ओर से कार्यकर्ता बंधुओं में जोश भर कर जीत का मंत्र दिया गया।

## हमारी प्राथमिकता किसानों का हित व भाईचारा : अजय वीर सिंह



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** मुस्लिम बाहुल्य मसूरी गाँव में दीवान फार्महाउस पर रालोद के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट का फूल मालाओं से स्वागत समारोह किया गया जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एनडीए गठबंधन को मजबूती देते हुए अपने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

इस अवसर पर बोलते हुए अजय वीर सिंह ने कहा कि एनडीए में रहते हुए हम किसानों के मुद्दों को और मजबूती से उठाते रहेंगे। लोकदल का निर्माण स्व. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूर, युवाओं, महिलाओं, मजलूमों की मदद करने के लिए बनाया था और आज भी रालोद इनके हर मुद्दे को मजबूती से उठा रहा है । अब सरकार में शामिल होने से रालोद की ज़िम्मेदारी इन वर्गों के लिए ज्यादा बढ़ गई है । अब रालोद इन वर्गों की समस्याएं जो सरकार के ध्यान से छुट जाती है उन पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करा कर सरकार से उनका निवारण करायेगा । रालोद का हमेशा से मानना रहा है कि देश और प्रदेश में भाईचारा कायम रहेगा तो देश व प्रदेश में ना केवल अमन रहेगा बल्कि देश तरक़्क़ी के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ेगा ।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अनीस चौधरी, नरेश चौधरी, नीरज चौधरी, सुनील मित्तल, नौशाद चौधरी, इसरार चौधरी, मतीन चौधरी, हाफिज रिजवान नहाल, फरमान चौधरी, मलवा चौधरी, जाकिर चौधरी, शकील चौधरी, सबील चौधरी, फौजी एवं अनेकों भाजपा रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को दी बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के सीनियर पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने विधायक सुनील शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। सुनील शर्मा को मिली इस उपलब्धि की खुशी प्रवीण चौधरी के चेहरे पर साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक वोटों से चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचने वाले विधायक सुनील शर्मा को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाकर गाजियाबाद जिले का मान बढ़ाया है। प्रवीण चौधरी ने कहा कि देर से ही सही मगर सुनील शर्मा जिस सम्मान के हकदार थे वह उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है। प्रवीण शर्मा ने इसके लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

## हमें बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलना चाहिए:असीम अरूण




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश के राज्यमंत्री समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग स्वतंत्र प्रभारअसीम अरूण ने डॉ.अम्बेडकर समाज उत्थान समिति द्वारा सौंदा, मोदीनगर में आयाजित अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि आज बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने की महती जरूरत है।।इस मौके पर विधायक मोदीनगर डॉ.मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह सहित अन्य गणमान्यों को समिति द्वारा पट्का पहनाकर सम्मानित करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर समाज के अलग-अलग क्षेत्र में समाजसेवा करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। मंत्रीजी द्वारा विधायक डॉ.मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख मुरादनगर,राजीव त्यागी, चैयरमैन मोदीनगर विनोद जाटव वैशाली, समाजसेवी कृष्णवीर, समाजसेवी रजनीश त्यागी, समाजसेवी राकेश प्रधान, समिति अध्यक्ष नन्द किशोर, समिति कोषाध्यक्ष दिनेश, समिति मीडिया प्रभारी मनोज चन्द्रा की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रिबन काटकर किया रजापुर ब्लाक प्रमुख मोनिका चौधरी के कार्यालय का उद्घाटन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिल्ली मेरठ रोड पर रजापुर ब्लाक की प्रमुख मोनिका चौधरी के नवनिर्मित कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उनका यह कार्यालय विकास खंड कार्यालय में नवनिर्मित कार्यालय बनाया गया। कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को विकास प्रदेश बना दिया है। जनपद में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रजापुर ब्लाक भी विकास की नई इबारत लिखेगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है,जिसका निर्वाहन परी मेहनत व ईमानदारी से करुंगा। इस अवसर पर मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बिना किसी भेद-भाव के विकास कार्य करा रही है इससे चारों तरफ खुशहाली दिखाई दे रही है। इस अवसर पर धौलाना के विधायक धर्मेश तोमर, मुरादनगर विधायक अजित पाल त्यागी, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुरादनगर ब्लाक प्रमुख राजीव त्यागी, राकेश प्रमुख, जितेन्द्र चितौडा, नगर पालिका परिषद मुरादनगर के सभासद शैलेन्द्र चौधरी शिवा, ग्राम प्रधान समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्णपाल प्रधान, ब्लाक प्रमुख रजापुर श्रीमती मोनिका चौधरी, उनके पति राहुल चौधरी डैनी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक धर्मेश तौमर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का बुके देकर स्वागत किया।

## संतोष हॉस्पिटल ने लिया 10 गांवों को गोद




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने रविवार को 10 गांवों को गोद लेने की घोषणा की। संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की तरफ से गांव सौंदा में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया जिसमें ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा दी गई।

अस्पताल की सीएसआर श्वेता चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मंत्री असीम अरुण ने संतोष हास्पिटल की सेवाओं के लिए प्रशंसा की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संतोष हॉस्पिटल ने 10 गांवों को गोद लेने की घोषणा की और उनमें न्यूनतम दरों पर चिकित्सा सेवा देने की वचनबद्धता



की । संतोष हॉस्पिटल बहुत तेजी से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पिछले 27 सालों से चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है और सभी प्रकार के चिकित्सक सभी प्रकार की सेवाएं ,सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रहा है। सीएसआर हेड श्वेता चौधरी ने बताया कि संतोष हॉस्पिटल में सभी प्रकार की बीमारियों का विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू भारती,दुष्यंत चौहान,सुमितकुमार व मनीष का योगदान रहा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Rajnath Singh
Just now
लखनऊ मे आयोजित रोजगार मेले में आज बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर मिले। मुझे इस रोजगार मेले के आयोजन पर प्रसन्नता हो रही है कि मेरे लखनऊ के युवा साथियों को इस initiative के माध्यम से बड़ी मात्रा में रोजगार हासिल हो रहा है। आज इस रोजगार मेले में जिन युवाओं को रोजगार मिला है, मैं उन सभी युवाओं को, तथा उनके परिवार जनों को अपनी तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जब अपनी लोकसभा में होते हैं तो वो यहां के लोगो के लिए विकास की सौगात देते हैं। वो रोजगार का उपहार देते हैं। लखनऊ में रोजगार मेले में जब युवाओं को रोजगार मिला तो लखनऊ के लोकसभा सांसद राजनाथ सिंह ने बधाई दी और इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार के मौजूदा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।